(हिन्दी दैनिक)

# न्यूज गाइड

आपका देश आपकी बात...



वर्ष : 14, अंक : 85 पृष्ठ : 8 | www.newsguide.in | Email: newsguidelko@gmail.com | लखनऊ, शुक्रवार, 13 जनवरी 2023 | मूल्य : 1.50

राजभर पुराने मित्र, भाजपा को परहेज नहीं : भूपेंद्र चौधरी .... 3 उनका नया साल ...4 पृथ्वी शॉ ने बनाया रणजी ट्रॉफी इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर ...7

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र में कांग्रेस की सरकार 6 माह में भरेगी सरकारी पद : कमल नाथ

भोपाल। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमल नाथ ने वादा किया है कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनते ही, सरकारी विभागों में रिक्त सभी पद भर दिए जाएंगे। कमल नाथ ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा, आज मध्यप्रदेश का युवा वर्ग अपने भविष्य को लेकर अत्यधिक चिंतित है। देश और प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है। कमल नाथ ने राज्य में हो रहे भर्ती घोटालों का जिक्र करते हुए कहा, भाजपा सरकार में मध्यप्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में नित नए घोटाले हो रहे हैं, परीक्षाओं के परिणाम वर्षों तक जारी नही हो पा रहे हैं, एमपीएससी के परिणाम 2019 से घोषित नहीं हुए हैं। भर्ती ठप पड़ी है। यह स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है।

### नूपुर शर्मा को हथियार का लाइसेंस मिला

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने कहा कि भाजपा से निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा, जिनकी पिछले साल एक टीवी बहस के दौरान विवादास्पद टिप्पणियों ने विरोध और हिंसा को जन्म दिया था, के पास अब बंदूक का लाइसेंस है। सूत्र ने कहा कि उसे अपनी सुरक्षा के लिए बंदूक रखने का लाइसेंस दिया गया है। पिछले साल एक टीवी डिबेट के दौरान पैगंबर मोहम्मद पर उनकी विवादित टिप्पणियों के कारण हिंसा और आलोचना हुई थी। बाद में भाजपा ने उन्हें पार्टी प्रवक्ता के पद से निलंबित कर दिया था। शर्मा ने हाल ही में दिल्ली पुलिस की लाइसेंसिंग इकाई के समक्ष एक याचिका दायर कर अनुरोध किया था कि उनकी जान को खतरा है और उन्हें आत्मरक्षा के लिए चौबीसों घंटे बंदूक ले जाने की जरूरत है।

### फेक न्यूज फैलाने वाले 6 यूट्यूब चौनलों को सरकार ने किया बैन

(एजेंसी) नई दिल्ली। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने छह यूट्यूब चौनलों का भंडाफोड़ किया है, जो भारत में एक समन्वित तरीके से काम कर रहे थे और गलत जानकारी फैला रहे थे। फैक्ट चेक यूनिट ने इन चौनलों द्वारा फैलाई जा रही फर्जी खबरों का भंडाफोड़ करने के लिए 100 से ज्यादा फैक्ट चेक वाले छह अलग-अलग ट्विटर थ्रेड जारी किए। मंत्रालय ने बताया कि कार्यवाही किए गए चौनलों के नाम नेशन टीवी, सरोकार भारत, नेशन 24, संवाद समाचार, स्वर्णिम भारत और संवाद टीवी है।

# विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करें जनप्रतिनिधि : योगी

## रोड शो से 07 लाख 12 हजार करोड़ के निवेश का प्रशस्त हुआ मार्ग

(संवाददाता)




लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांसदों और विधायकों से संवाद शुरू कर दिया है। आज उन्होंने चित्रकूटधाम मंडल की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि विकास की परियोजनाओं का निरीक्षण करें। सांसद और विधायक गणों के साथ प्रदेशहित में संचालित विकास परियोजनाओं की पड़ताल की जा रही हैं। इसी श्रृंखला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गुरुवार को विशेष बैठक में बांदा, महोबा, हमीरपुर और चित्रकूट जिलों से आए सांसदो व विधायको से उनके क्षेत्र की विकास योजनाओं की जानकारी ली और दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट जहां भगवान राम ने अपने वनवास काल का सर्वाधिक समय व्यतीत किया था, आज चहुंमुखी विकास की नई कहानी कह रहा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के माध्यम से आज यहां बेहतरीन रोड कनेक्टिविटी है। एयरपोर्ट का विकास हो रहा है। डिफेंस कॉरीडोर का महत्वपूर्ण नोड चित्रकूट में ही है। यहां के हर घर में नल से शुद्ध पेयजल सुलभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि समिट से पहले दुनिया भर के निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश का आमंत्रण देने की हमारी कार्ययोजना को आशातीत सफलता मिली है।

16 राष्ट्रों में हुए रोड शो से 7 लाख 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है। विदेश में रोड शो की सफलता के बाद अब देश के प्रमुख महानगरों में उद्योग जगत को आमंत्रित करने रोड शो का आयोजन हो रहा है। जीआईएस-2023 ऐतिहासिक होने जा रहा है। व्यापक निवेश से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिसका सीधा लाभ हमारे युवाओं को मिलेगा। योगी ने कहा कि बांदा, महोबा, हमीरपुर और चित्रकूट जिलों में विकास की अपार संभावनाएं हैं। यहां धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है। हर जिला औद्योगिक विकास के अपार अवसरों से भरा है। पर्याप्त लैंडबैंक है। जनप्रतिनिधि गण को अपनी इन विशिष्टताओं से देश-दुनिया को परिचय कराना चाहिए।योगी ने कहा कि विदेशी और घरेलू निवेशक रोड शो से प्रेरणा लेते हुए अनेक जनपदों ने जिला स्तर पर निवेशक सम्मेलन आयोजित किए और हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए। ऐसे ही प्रयास चित्रकूट मंडल में भी किये जाने चाहिए।सीएम ने कहा कि जनपदीय निवेशक सम्मेलन के आयोजन के लिए बेहतर कार्ययोजना तैयार करें। सांसद के नेतृत्व में विधायक गण कमान संभालें। जिला प्रशासन, औद्योगिक अवस्थापना विभाग, इन्वेस्ट यूपी और मुख्यमंत्री कार्यालय से सहयोग लें। अपने क्षेत्र के उद्यमियों, व्यापारियों, प्रवासी जनों से संवाद-संपर्क बनाएं। उन्हें प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीतियों, सेक्टोरल पॉलिसी की जानकारी दें।

# महर्षि महेश योगी की 106वीं जयंती पर संत समागम

## विवेकानंद के बाद भारतीयता को महर्षि ने विश्व में अलौकिक किया : राजनाथ सिंह

(संवाददाता)




लखनऊ । महर्षि महेश योगी की 106वीं जयंती पर लखनऊ में आज बड़ा संत समागम हो रहा है। आईआईएम रोड पर महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी परिसर में 10 हजार से ज्यादा संतों और लोगों की भीड़ उमड़ी है।

समागम को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी संबोधित किया। संतों ने ऐलान किया कि महर्षि संस्थान अयोध्या में रामायण विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। 1000 एकड़ की जमीन पर यह रामायण विश्वविद्यालय बनेगा। हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास ने अयोध्या के तर्ज पर अयोध्या और काशी में मंदिर बनाने की मांग की। राम मुद्रा को चलन में लाने की भी मांग उठी। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज 3 महापुरुषों का जन्मदिन हैं, लेकिन यहां सिर्फ 2 की चर्चा करूंगा। स्वामी विवेकानंद के बाद भारतीयता को विश्व भर में अलौकिक किया तो वह महर्षि महेश योगी ही थे। 1918 में महर्षि महेश योगी का जन्म जबलपुर में हुआ। स्वामी विवेकानंद और महर्षि महेश योगी भारत के कल्चरल आइकॉन रहे। स्वभाव और वाणी के स्तर पर शालीन और मधुर रहे। राजनाथ सिंह ने कहा कि महर्षि योगी ने भी उन्हीं की राह देखी है। भारत फिर से विश्व गुरु बनकर दुनिया को दिखा सकता है। मानव के हित के लिए महर्षि योगी ने अपना जीवन समर्पित कर दिया।

उन्होंने कहा था कि वेद सभी धर्मों के मूल हैं। सारे विश्व और ब्रह्मांड के मूल हैं। इस ध्यान पद्धति के माध्यम से धर्म और अध्यात्म को एक कर दिया। इन दोनों में फर्क क्या हैं- धर्म को पंथ न समझें। मैं मानवता को धर्म मानता हूं। धर्म की आधार भूमि कर्म है। अध्यात्म की आधार भूमि चिंतन है। जब मैं आपके सामने परमात्मा से मिलन की बात कहता हूं तो मैं यह कहना चाहूंगा कि अलग-अलग पंथ अलग तरीके से परिभाषित करता है। हर व्यक्ति में परमात्मा की मौजूदगी की पहचान करने वाला ही आध्यात्मिक है। भावातीत ध्यान के माध्यम से मानव को सही दिशा महर्षि योगी ने दी। महंत राजू दास ने कहा कि हॉलैंड में महर्षि महेश योगी ने राम मुद्रा के संचालन की शुरुआत की थी। ब्रह्मानंद सरस्वती के शिष्य महर्षि महेश योगी ने अयोध्या में सांस्कृतिक राजधानी बनाने के मकसद से 1990 से अयोध्या में जमीन लेना शुरू किया था। महर्षि योगी रथ यात्रा निकालकर लोगों को कंबल और अनाज दान करते थे।

# ग्लोबल साउथ की आवाज को बुलंद करेगा भारत : पीएम

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि जी20 अध्यक्ष पद के धारक के रूप में भारत का उद्देश्य वैश्विक दक्षिण की आवाज को बढ़ाना है। दो दिवसीय वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ वर्चुअल शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, जी20 अध्यक्षता के लिए हमने श्एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यश् का विषय चुना है। हम मानते हैं कि एकता को साकार करने का मार्ग मानव-केंद्रित विकास के माध्यम से है। ग्लोबल साउथ के लोगों को अब विकास के फल से बाहर नहीं रखा जाना चाहिए। हमें साथ मिलकर वैश्विक राजनीतिक और वित्तीय शासन को फिर से डिजाइन करने का प्रयास करना चाहिए। यह असमानताओं को दूर कर सकता है, अवसरों को बढ़ा सकता है, विकास का समर्थन कर सकता है और प्रगति और समृद्धि फैला सकता है। प्रधान मंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ का भविष्य में सबसे बड़ा दांव है, क्योंकि इन देशों में तीन-चौथाई मानवता रहती है। उन्होंने जोर देकर कहा, हमें भी समान आवाज उठानी चाहिए। चूंकि वैश्विक शासन का आठ दशक पुराना मॉडल धीरे-धीरे बदल रहा है, इसलिए हमें उभरती हुई व्यवस्था को आकार देने की कोशिश करनी चाहिए। मोदी ने यह भी कहा कि विकासशील दुनिया के सामने चुनौतियों का सामना करने के बावजूद वह आशावादी हैं कि ग्लोबल साउथ का समय आ रहा है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर बोले अखिलेश, भेदभाव और नफरत की राजनीति नहीं होनी चाहिए

❑ सपा कार्यालय पर स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की याद में कैलेंडर को किया लांच

(संवाददाता)



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर के अवसर पर प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा आज पूरा देश राष्ट्रीय युवा दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि आज के दिन नेताजी के नाम से एक कैलेंडर निकाला गया है। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम सब संकल्प ले जो रास्ता स्वामी विवेकानंद जी दिखाया था उसी पर समाजवादी लोग चले। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भेदभाव और नफ्रत की राजनीति नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गंगा एक्शन प्लान जो बना था, लेकिन मां गंगा अभी तक साफ नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जब तक गंदे नालों को नहीं हटाया जाएगा तब तक साफ नहीं होगी। अखिलेश ने कहा कि नदियों को साफ करने की व्यवस्था थी उसको सुचारू रूप से चले। अखिलेश यादव ने कहा कि हम ने बदली अपनी सोशल मीडिया टीम बदल दी है। भाजपा की सोच जातीय आधारित कब बदलेगी। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वाराणसी में एमवी गंगा विलास क्रूज के लोकार्पण की तैयारी में जुटी सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए सवाल किया कि क्या अब भाजपा नाविकों का भी रोजगार छीनेगी ? उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल बनाकर धन कमाने की नीति निंदनीय है। सपा अध्यक्ष ने बुधवार को एक ट्वीट में कहा, ''अब क्या भाजपा नाविकों का रोजगार भी छीनेगी। भाजपा की धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल बनाकर पैसे कमाने की नीति निंदनीय है। पूरी दुनिया से लोग काशी का आध्यात्मिक वैभव अनुभूत करने आते हैय विलास-विहार के लिए नहीं। भाजपा बाहरी चकाचौंध से असल मुद्दों के अंधेरों को अब और नहीं ढक पायेगी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 13 जनवरी को वाराणसी में गंगा के तट पर दुनिया के सबसे बड़े नदी क्रूज एमवी गंगा विलास को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा वह टेंट सिटी का भी उद्घाटन करेंगे।

# उत्तराखंड सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ जोशीमठ में कर रहा काम

(एजेंसी)

नई दिल्ली। उत्तराखंड सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट को सूचित किया कि जोशीमठ में प्रभावित क्षेत्रों में राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) अपना काम कर रहा है। जोशीमठ की स्थिति की जांच के लिए केंद्र को एक उच्चाधिकार प्राप्त संयुक्त समिति स्थापित करने का अनुरोध करते हुए हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी। उत्तराखंड के उप महाधिवक्ता जे.के. सेठी ने अदालत में कहा कि पुनर्वास पैकेज तैयार करने के साथ दो समितियां पहले ही बनाई जा चुकी हैं। न्यायमूर्ति सतीश चंदर शर्मा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ एडवोकेट रोहित डांडरियाल द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई कर रही थी। पीठ को सूचित किया गया कि राज्य और केंद्र दोनों



इस मामले पर विचार कर रहे हैं। सेठी ने कहा, हमने एनडीआरएफको तैनात किया है, हम इस मुद्दे पर काम कर रहे हैं। हमने कई लोगों को फिर से बसाया और स्थानांतरित किया है, हम उस पर काम कर रहे हैं। हमें मामले की जानकारी है। जमीनी काम किया जा रहा है। जैसा कि सेठी ने अदालत को सूचित किया कि सुप्रीम कोर्ट 16 जनवरी को इसी तरह की जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा, डंडरियाल ने थोड़े समय के लिए स्थगन की मांग की और कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट द्वारा कुछ आदेश पारित किया जाता है तो वह सुनवाई की अगली तारीख पर याचिका वापस ले लेंगे। याचिका जोशीमठ के प्रभावित जिलों के लिए दायर की गई थी, जिसमें एक आयोग के गठन और सभी संबंधित मंत्रालयों के सदस्यों को इस पर तुरंत गौर करने का आदेश देने की मांग की गई थी। याचिका में तर्क दिया गया था कि पिछले वर्षों में जोशीमठ में किए गए निर्माण कार्य ने वर्तमान स्थिति के लिए ट्रिगर का काम किया और ऐसा करके प्रतिवादियों ने निवासियों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया। दावा किया गया कि प्रतिवादी को वर्तमान में एक कल्याणकारी राज्य के रूप में व्यवहार करने की जरूरत है और वह अपने निवासियों को समकालीन, रहने योग्य आवास प्रदान करने के लिए बाध्य है।

# कार में जिंदा जले 3 दोस्त हड्डियां तक हो गईं राख

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर ट्रक से टकराते ही लगी आग

❑ सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल, कोहरे के कारण हादसा

(संवाददाता)



उरई/जलौन । हमीरपुर में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर ट्रक और कार में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद कार में आग लग गई। जिसमें कार सवार 3 दोस्त जिंदा जल गए। आग इतनी भयंकर थी कि मरने वालों की हड्डियां तक राख बन गई। हादसा जरिया इलाके में बुधवार की देर रात हुआ। पुलिस ने कार के अंदर बचे शवों के कुछ अवशेषों को निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। कार सवार प्रयागराज में तारीख पर गए थे। मृतकों की पहचान राजेश (53), जितेंद्र (35) और शरीफ (50) के रूप में हुई है। राजेश और जितेंद्र जालौन के गसिहारी गांव के रहने वाले थे, जबकि शरीफमोहल्ला चमन का रहने वाला था। कार राजेश की थी। तीनों प्रयागराज से बुधवार की शाम तीनों हुंडई आई-20 कार से लौट रहे थे। देर रात करीब 11 बजे हमीरपुर के जरिया इलाके में हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि कार सवार बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जालौन जा रहे थे।

कार (यूपी-32 सीवी-3425) हाईवे पर चल रहे राजस्थान के बीकानेर के एक ट्रक (आरजे-07 जीबी-1796) को ओवरटेक कर रही थी। ट्रक के डीजल टैंक और साइलेंसर से कार का एक हिस्सा टकरा गया। जिससे दोनों वाहनों की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। सूचना पर फोर्स के साथ मौके पर अधिकारी पहुंचे। फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस को बुलाया गया। मौजूद लोगों ने बताया, कार में भयंकर आग लगी थी। उसमें बैठे लोग जिंदा जल रहे थे। कोई पास जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहा था। कुछ देर के लिए हाईवे पर वाहनों की आवाजाही रुकी रही। दमकल कर्मियों ने मुश्किल से आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक तीनों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी।

कार के अंदर शवों के अवशेष भी नहीं मिल रहे थे। पुलिस ने मुश्किल से कुछ अवशेषों को निकाला। राजेश के परिजनों ने बताया कि जितेंद्र का भाई धर्मेंद्र किसी विवाद में नैनी जेल में बंद है। मामले में मुकदमा प्रयागराज में ही चल रहा है। तीनों उसकी जमानत कराने की कोशिश में जुटे थे। तीनों अक्सर वहां तारीख पर आते-जाते रहते थे। बुधवार को तीनों एक साथ कार से प्रयागराज गए थे। राजेश खेती के साथ ठेकेदारी भी करता था। परिवार में पत्नी सुनीता के अलावा बेटी चुनमुन और 1 बेटा चिंटू है। इनमें चुनमुन की शादी हो चुकी है। जबकि बेटा अभी डी फार्मा कर रहा है। उसकी शादी नहीं हुई है। परिजनों ने बताया कि राजेश, शरीफऔर जितेंद्र में करीबी दोस्ती थी। शरीफपंचर की दुकान चलाकर परिवार का गुजारा करता था। किसी भी कार्यक्रम के जाना होता तो अक्सर तीनों साथ ही जाते थे। दोस्ती के कारण राजेश और शरीफभी चाहते थे कि जितेंद्र का भाई धर्मेंद्र जल्द जेल से बाहर आ जाए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे पर अफसोस जाहिर किया है। उन्होंने मरने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए कामना की है। इसके अलावा परिजनों के प्रति शोक संवेदना जताई है। जिले में झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे पर बुधवार देर रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक तेज रफ्तार बाइक घने कोहरे के कारण आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार एक शख्स की मौत हो गई, जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उरई जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरौना निवासी हुकुम सिंह कुशवाहा (50) और सुंदर सिंह कुशवाहा पिरौना से झांसी काम से बाइक से झांसी गए थे। बुधवार रात करीब 8 बजे वह पिरोना आ रहे थे। दोनों बाइक सवार झांसी के पूंछ थाना क्षेत्र और एट थाना क्षेत्र के बीच में स्थित ग्राम सेसा की पौधशाला के पास से गुजर रहे थे। इस दौरान वहां घना कोहरा होने के कारण आगे जा रहे ट्रक से बाइक की टक्कर हो गई।

# डीआईपी ने केजरीवाल को 164 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस किया जारी

(एजेंसी)

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रचार निदेशालय (डीआईपी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 164 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस जारी किया है। राशि का भुगतान 10 दिन के अंदर करना होगा। उपराज्यपाल (एल-जी) वी.के. सक्सेना ने 20 दिसंबर, 2022 को मुख्य सचिव को राजनीतिक विज्ञापनों के लिए आम आदमी पार्टी (आप) से 97 करोड़ रुपये वसूलने का निर्देश दिया था, जिसे उसने सरकारी विज्ञापनों के रूप में प्रकाशित किया था। उपराज्यपाल ने अपने आदेश में मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे सरकारी विज्ञापन में सामग्री नियमन (सीसीआरजीए) पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति के 16 सितंबर, 2016 के आदेश और सूचना एवं प्रचार निदेशालय (डीआईपी), जीएनसीटीडी के अनुवर्ती आदेश को लागू करें। उन्होंने सरकारी विज्ञापनों की आड़ में प्रकाशित/प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों के लिए आप को राज्य के खजाने को 97,14,69,137 रुपये और ब्याज का भुगतान करने का निर्देश दिया। तीन सदस्यीय सीसीआरजीए के मुताबिक भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तैयार किए गए दिशानिदेशरें का मुख्य उद्देश्य राजनीतिक दल की छवि को निखारने में सरकारी धन के दुरुपयोग को रोकना है। चूंकि फैसले के बाद भी ऐसा ही हुआ है, इसलिए इसे याद दिलाने का एकमात्र तरीका यह है कि उल्लंघन की प्रक्रिया में राजनीतिक दल को सरकार द्वारा किए गए खर्च का भुगतान करने के लिए मुख्य लाभार्थी बनाया जाए। समिति दिल्ली सरकार को दिल्ली के बाहर विज्ञापन जारी करने में हुए खर्च का आकलन करने का निर्देश देती है।

# सीडीओ ने सिल्ट सफाई कार्य का किया औचक निरीक्षण

## लापरवाही मिलने पर अधिकारियों को लगाई कड़ी फटकार

संवाददाता

उन्नाव। जन समस्याओं को देखते हुए सीडीओ ऋषिराज द्वारा अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड एवं सहायक अभियन्ता डी.आर.डी.ए. के साथ संयुक्त रूप से रसूलाबाद रजबहा, साइट कोटरा बीरमपुर के पास सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए रजबहे की सिल्ट सफाई के कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम द्वारा एक स्थान पर नहर कटी हुई पायी गयी, जिसे ग्राम वासियों द्वारा जलमग्न हो रहीं फसलों को बचाने के लिए स्वयं के संसाधन से तटबन्ध को दुरुस्त



कराया गया था। निरीक्षण में पता चला कि सिंचाई विभाग द्वारा नहर के कटान को रोकने के लिए स्थल पर कोई कार्य नहीं कराया गया है। सीडीओ के समक्ष इस बात की पुष्टि स्थानीय लोगों व ग्रामवासियों द्वारा भी की गयी है। सिंचाई विभाग की इस लापरवाही को लेकर सीडीओ ने विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित करते हुए कहा कि नहर कटान के कार्य को शीघ्रातिशीघ्र दुरुस्त कराना सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिस ठेकेदार द्वारा इस नहर और अन्य माइनर्स की सिल्ट सफाई का कार्य किया गया है, उसकी जांच कराई जाए, साथ ही उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाही भी की जाए।

# स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव को राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया

संवाददाता, उन्नाव। वामा सारथी वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा के निर्देश पर गरुवार को स्वामी विवेकानंद जी के जन्मोत्सव को राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया गया। श्रीमती इंदिरा पत्नी सिद्धार्थ शंकर मीना के कुशल नेतृत्व पुलिस लाइन ग्राउंड में बच्चों में खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई गई। जहां पर 12 वर्ष से 15 वर्ष की आयु के बच्चों ने दौड़ में प्रथम स्थान माही ने प्राप्त किया व द्वितीय स्थान आशु ने प्राप्त किया। 12 वर्ष से 09 की आयु में दौड़ में प्रथम स्थान वैश्य व द्वितीय स्थान शिखा ने प्राप्त किया। 7 वर्ष से 9 वर्ष की आयु में दौड़ में



प्रथम स्थान आशीष व द्वितीय स्थान सासद ने प्राप्त किया, वहीं 4 वर्ष से 6 वर्ष की आयु के बच्चों की दौड़ में प्रथम स्थान अथर्व मिश्रा ने द्वितीय स्थान आसिफने प्राप्त किया। तृतीय स्थान मेघावी मिश्रा ने प्राप्त किया और 400 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान सरफराज खान ने प्राप्त किया। स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर व उनके आदर्शों पर मार्गदर्शन के रूप में स्पीच विशाल यादव ने दी और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर विधार्थियों को आगे बढ़ना होगा : रवि झा

संवाददाता, प्रयागराज। विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज इंटर कॉलेज राजापुर के प्रांगण में आज पुरातन छात्र परिषद के बैनर तले स्वामी विवेकानंद की जयंती के शुभ अवसर पर युवा दिवस मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय में हिंदी के प्रवक्ता दिनेश कुमार शुक्ला ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस से जब विवेकानंद ने यह प्रश्न किया कि क्या ईश्वर को देखा जा सकता है क्या ईश्वर से बात की जा सकती है तो रामकृष्ण परमहंस ने कहा की क्यों नहीं ईश्वर को हम उसी तरह देख सकते हैं जैसे तुमको देख रहे हैं हम ईश्वर से उसी तरह वार्तालाप कर सकते हैं जिस तरह हमारी तुम्हारी वार्तालाप चल रही है स्वामी विवेकानंद की जिज्ञासा शांत हुई और उन्होंने भारतीय संस्कृति का डिंडिम् घोष भारत ही नहीं पूरे विश्व में फैलाया।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई

संवाददाता, प्रयागराज। भारत विकास परिषद (गंगा शाखा) द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हमारे संरक्षक देवी प्रसाद कुंवर रहे और उन्होंने अपने विचार वयक्त किये उन्होंने स्वामी के मार्गों को अनुसरण करने के लिए बताया तथा सचिव रागनी बिसारिया ने स्वामी जी की आध्यात्मिकता पर चर्चा की और कार्यक्रम का संचालन अनीता श्रीवास्तव द्वारा किया गया।उन्होंने कहा कि तब तक अपने रास्ते पर चलना है जब तक कि हमें सही लक्ष्य मिल नहीं जाता। इस कार्यक्रम में शालिनी केसरवानी,कंचन श्रीवास्तव, निखिल,रत्नेश श्रीवास्तव,निलयम,खुशबू श्रीवास्तव,राजेश श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव,शिवाशी श्रीवास्तव आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## इक्कीस को विशेष लोक अदालत का आयोजन

संवाददाता, उन्नाव। 21 जनवरी को किया जायेगा आर्बिट्रेशन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन होगा। गुरुवार को अपर जिला जज व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अवधेश कुमार-द्वितीय ने बताया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीशव अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के तत्वाधान में आर्बिट्रेशन वादों के निस्तारण हेतु आगामी 21 जनवरी को दीवानी न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। सचिव ने जनसामान्य से यह आवाहन किया है कि न्यायालयों में लम्बित आर्बिट्रेशन से सम्बन्धित अपने मामलों को विशेष लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराकर सस्ता, सुलभ न्यायिक प्रक्रिया का लाभ उठाये। उक्त के सम्बन्ध में आरबीट्रेशन के वादों का अधिक से अधिक निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु गत 10 जनवरी 2023 को अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अवधेश कुमार-द्वितीय की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में बैठक आहूत की गई।

# इफको किसानों के सहयोग में सदा अग्रणी रहती है : चौधरी शीशपाल सिंह

संवाददाता

प्रयागराज। इफको केवल खाद ही नहीं बनाती बल्कि समाज में लोगों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से विकसित करने का कार्य भी करती है। उक्त बातें कारडेट अंगीकृत ग्राम चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई के पंचायत भवन परिसर में आज कोरडेट इफको फूलपुर प्रबंध समिति के अध्यक्ष चौधरी शीशपाल सिंह कहीं। चौधरी शीशपाल सिंह के कर कमलों द्वारा 50 जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर कोरडेट के प्रधानाचार्य राजेंद्र यादव, कोरडेट




प्रक्षेत्र एवं मृदा परीक्षण प्रयोगशाला प्रभारी डा.हरीश चंद्र,उद्यान प्रभारी वीरेंद्र सिंह,कोरडेट के मुकेश तिवारी सहित ग्राम प्रधान कमलेश यादव, राम देव प्रजापति, विजय चंद्र विश्वकर्मा,गुलाब सिंह,दयाराम यादव,इंजीनियर रामकृपाल यादव उपस्थित रहे। लाभार्थियों में श्रीमती शारदा देवी,गीता देवी,सुलेखा देवी, अबरार, रामदुलार पटेल, श्रीमती अमरावती देवी सहित तमाम महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# हेल्पलाइन नम्बर से होगी समस्या समाधान

संवाददाता

प्रयागराज। माघ मेले में बसावट से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा पांच टोल फ्री नंबर शुरू किए गए हैं जिन पर सभी श्रद्धालु अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु संपर्क कर सकते हैं। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में स्थापित इन हेल्पलाइन पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपलब्ध रहेंगे जो किसी भी विभाग से संबंधित समस्या का निराकरण करने में सक्षम होंगे। मंडल आयुक्त विजय विश्वास पंत एवं मेला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान के नेतृत्व में माघ मेले में होने वाली यह एक अनोखी पहल जिसकी सुविधा



इससे पहले किसी भी माघ मेले में उपलब्ध नहीं थी। इस टोल फ्री नम्बर पर18001805349,50,51, 40,41 काल किया जा सकता है।

# यूसी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ

संवाददाता, कानपुर। यूसी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गणेश नगर रावतपुर गांव का 15वें वार्षिक उत्सव खलासी लाइन स्थित हरिहरनाथ शास्त्री भवन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा अधिकारी के सहायक निदेशक राजेश कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर वार्षिकोत्सव का उद्घाटन किया तथा उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों को शुभ आशीर्वाद प्रदान कर बच्चों की तरक्की के लिए ईश्वर से प्रार्थना की वरिष्ठ अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि जिस प्रकार इस विद्यालय के प्रबंधन द्वारा शिक्षा के अतिरिक्त खेलकूद में भी बच्चों का रुझान है या अत्यंत सराहनीय है पूर्व विधायक सतीश निगम ने विद्यालय में बिना भेदभाव के एक समान शिक्षा प्रदान



करने के लिए विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया विद्यालय के चेयरमैन अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि उनके द्वारा इस विद्यालय का संचालन पिता स्मृति में कराया गया इस पर प्रधानाध्यापिका श्रीमती दीपिका श्रीवास्तव ने बताया कि विगत दिवस में कोरोना महामारी का असर बच्चों की शिक्षा पर ना पड़े इसके लिए उन्होंने नई टेक्नोलॉजी एवं ऑनलाइन शिक्षा पद्धति प्रारंभ की बच्चों ने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की तत्पश्चात सरस्वती वंदना तथा लघु नाटक व मनमोहक झांकियां निकाली।

# यूपी गारमेंट्स मेन्यू फैक्रचर एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा प्रेस वार्ता

संवाददाता

कानपुर। उत्तर प्रदेश गारमेंट्स मेन्यू फैक्रचर एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ब्रिज होटल में आयोजित हुई प् जिसमें चेयरमैन नजम हमराज , संरक्षक गुरूजिंदर सिंह, अध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे महामंत्री मोहम्मद आरिफ कोषाध्यक्ष राजेश आहूजा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के सी मुलानी, बलराम नरूला ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया चेयरमैन नजम हमराज ने कहा कि कानपुर महानगर के मोतीझील में आयोजित गारमेंट की एक भव्य फेयर लगाई जा रही है, जो कि 14 जनवरी से 17 जनवरी तक रहेगी ! फेयर का उद्घाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री माननीय बृजेश पाठक जी करेंगे !उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी फेयर में प्रदेश ही नहीं अपितु पूरे देश के कोने कोने से




व्यापारी हिस्सा लेंगे ! संरक्षक गुरजिंदर सिंह ने बताया कि आम आदमी की पहली जरुरत रोटी कपड़ा व मकान है ,इस फेयर के उद्देश्य निम्न व मध्यम आय वर्ग के व्यक्ति को सस्ते दामों पर अच्छी क्वालिटी के रेडीमेड गारमेण्ट (वस्त्र ) उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है! रेडीमेड व्यापार बढ़ने से कानपुर में नए रोजगार अर्जित होंगे ! एमएसएमई के सहयोग से रेडीमेड के कारीगरों को प्रशिक्षण प्रशिक्षण देकर उनकी आय को बढ़ाने का कार्य करेंगे उन्होंने कहा कि कम लागत पर उच्च क्वालिटी के रेडीमेड वस्त्र उपलब्ध कराना इस फेयर का मूल उद्देश्य है ,कभी कपड़ा मिलो की पहचान वाले शहर को पुनर्जीवित करने हेतु रेडीमेड कपड़ों से अब शहर की पहचान बनेगी उन्होने बताया कि आशा की जा रही है कि इस होलसेल फेयर में लगभग 1000 करोड़ के ऑर्डर मिल सकते हैं अध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे ने बताया कि संगठन द्वारा लगभग 400 स्टॉल लगाए जा रहे हैं जिसमें उत्तर भारत से व्यापारी व उद्यमी हिस्सा लेंगे प् जिसमें दो दिन फैशन शो भी आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम में विशेष रूप से एक जिला एक उत्पाद के तहत उत्तर सरकार का विशेष योगदान है नजम हमराज ,गुरूजिंदर सिंह, विजय गुप्ता गोरे, मोहम्मद आरिफ राजेश आहूजा, इफ्तिखार खान टैनी ,बलराम ना रुला, बी पी रस्तोगी, प्रवीण अग्रवाल, नरेश कुमार गर्ग, के सी मुलानी, अब्दुल शफीक, हसीब अहमद , राजकुमार मद नानी, मनीष वसनदानी, महेश गंगवानी मौजूद रहे ।

# अवैध कट दिखाई दिए जाने पर अधिकारियों पर होगी कार्यवाही : जितेंन प्रसाद

## पूर्व में चिन्हित ब्लैक स्पाट पर सुधारीकरण के दिये गये निर्देश



संवाददाता, हापुड़। हापुड़ में लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितेंन प्रसाद द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में लोक निर्माण विभाग की बैठक ली गई बैठक में अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग के द्वारा बताया गया कि जनपद में दुघर्टना बाहुल्य क्षेत्रो में चिन्हित कुल 12 ब्लैक स्पाट पर में सुधारात्मक कार्यवाही यथा-संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टि टेप आदि का प्रयोग निर्माण एजेंसियों द्वारा करते हुये सुधारात्मक कार्यवाही की गयी है बैठक में मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की सड़क सुरक्षा शीर्ष प्राथमिकता है उन्होंने कहा है कि प्रत्येक माह सड़क सुरक्षा की बैठक है कि जाएं लोक निर्माण विभाग के पुराने प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कराएं व नए डी वाइडरो का प्रस्ताव बनवाएं अवैध कट शीघ्र बंद कर दिए जाएं और सड़कों पर साइन ए,मार्किंग इत्यादि करा दें । उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि जनपद में यदि अवैध कट कहीं पर दिखाई दिए तो संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी स उन्होंने सेतु निगम के अधिकारियों से कहा कि जनपद के जितने जर्जर पुल हैं उन्हें तुरंत दुरुस्त करा दें और उन पर प्रकाश व्यवस्था कराई जाए सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा इस संबंध में जवाबदेही अधिकारियों की होगी निर्माण निगम द्वारा जनपद में जितने कार्य कराए जा रहे हैं जल्द से जल्द पूर्ण करा दिए जाएं जनप्रतिनिधि की मांग के अनुरूप बुलंदशहर रोड के दोनों साइड इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाए, मोदीनगर रोड पर सरस्वती शिशु मंदिर रोड पर रंबल स्ट्रिप बनाया जाए, जहां-जहां रिफ्लेक्टर नहीं है वहां तुरंत लगवाए जाएं स ताराचंद स्कूल की सड़क का चोरी करण किया जाए स उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर लोक निर्माण के विभाग के अधिकारी कार्य करें बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, जिला अध्यक्ष उमेश राणा, विधान परिषद सदस्य, अपर जिलाधिकारी श्रद्धा शांडिल्यायन, उप जिला अधिकारी सदर सुनीता सिंह, एक्शन पीडब्ल्यूडी, सेतु निगम के अधिकारी, निर्माण निगम के अधिकारी सहित प्रस्तुत रहे ।

# वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित

संवाददाता

प्रयागराज। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन तृतीय दल सुरेश कुमार मौर्य ने बताया है कि सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद के शहरी,ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान के तहत सड़कों पर वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग करने पर वाहन चालकों को जागरूक किया गया और निर्देश दिये गये कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि न करें। फोन आने की स्थिति में वाहन को साइड में रोक कर फोन का इस्तेमाल करें जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर कुल 7 वाहनों के चालान की



कार्यवाही की गयी। सड़क पर दुर्घटनाओं के कारणों में 09 प्रतिशत दुर्घनाएं वाहन चलाते समय मोबाइन फोन के प्रयोग से होती है। इसके बाद अपराह्न में ड्रंकन ड्राइविंग के संबंध में सिविल लाइन्स बस स्टैण्ड में उ.प्र.रा.स.परि.निगम के चालकों को जागरूक किया गया। यह भी बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं के कारणों में 6.6 प्रतिशत दुर्घटनाएं नशे की हालत में वाहन चलाने से होती है। ड्रंकन ड्राइविंग के अभियोग में उ.प्र.रा.परि.निगम के चालकों का ब्रीथ एनालाइजर से जांच भी की गयी। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सुश्री अल्का शुक्ला सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रयागराज प्रथम दल, सुरेश कुमार मौर्य सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) तृतीय दल सी.वी.राम, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ.प्र.रा.स.परि.निगम प्रयागराज सुरेन्द्र सिंह, यात्रीकर अधिकारी प्रयागराज राम सागर,यात्रीकर अधिकारी प्रयागराज एवं प्रवर्तन सिपाही उपस्थित रहें।

# अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी गीता टण्डन कपूर ओमान में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी




संवाददाता, कानपुर। शहर की रहने वाली एवं मेशे से आयकर अधिकारी व अंतर्राष्ट्रीय बैटरन टी0टी0 खिलाड़ी गीता टण्डन कपूर मस्कट ओमान में 15 से 21 जनवरी तक होने वाली वर्ल्ड वेटरन टी0टी0 प्रतियोगिता में कैडर 50 महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। यह जानकारी स्थानीय मर्चेंट चेम्बर हाल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान गीता टण्डन कपूर ने दी। इस अवसर पर गीता टण्डन कपूर को अनिल कुमार सिंह आयुक्त आयकर विभाग (ऑडिट, उ0प्र0 एवं उत्तराखण्ड). अरविन्द त्रिवेदी नेशनल प्रेसीडेंट आई0टी0 गोवा, डिप्टी कमिश्नर ऑडिट, संजीव पाठक (बॉबी) चेयरमैन यूपी टेबल टेनिस एसो0. विनय माधव खन्ना (चेयरमैन राष्ट्रीय खत्री महासमा) संजय टण्डन सचिव कानपुर टेबल टेनिस द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

# कामता सेवा संस्थान के तत्वाधान में युवा दिवस मनाया जाएगा गया



संवाददाता, कानपुर। कामता सेवा संस्थान के तत्वाधान में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती पर युवा दिवस का आयोजन मर्चेन्ट चेम्बर बैठक कक्ष में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष लक्ष्मीकान्त बाजपेई ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी जी ने हम भारतवासियों को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का ऐसा सन्देश दिया था जिसका अनुसरण करके वर्तमान भारत विश्व गुरु के रूप में आज अपनी प्रतिष्ठा कायम कर चुका है। मौसम की खराबी व राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा सौपे गये दायित्व के निर्वहन के कारण अनुपस्थिति हेतु क्षमा प्रार्थी हूँ तथा संस्थान व आयोजकों को पुष्पित एवं पल्लवित होने हेतु शुभाशीष अर्पित करता हूँ। युवा दिवस की विशिष्टि अतिथि कल्यानपुर विधायक नीलिमा कटियार ने स्वामी जी को युग पुरुष की संज्ञा से विभूषित करते हुए कहा कि विवेकानन्द जी को विश्व स्तर पर सनातन धर्म के प्रथम ध्वजावाहक के रूप में दुनियाँ याद रखेगी। मुख्य वक्ता पं0 अवध बिहारी मिश्र के अनुसार प्राचीन काल में इस अखण्ड भारत की वैज्ञानिक प्रगति चरम पर थी। अखिल विश्व हमारे अविष्कारों का अनुकरण किया करता था।

# किसान मिट्टी की जांच व जैव उर्वरक प्रयोग करें : अभिमन्यु सिंह

## किसान वैज्ञानिक विधि द्वारा खेती करके आय बढ़ा सकते हैं : शीशपाल सिंह

संवाददाता

प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू फारमर्स ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट के कोरडेट फूलपुर इकाई मे चल रहे चार दिवसीय अंतरराज्यीय (दस राज्य) कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन मुख्य अतिथि शीशपाल सिंह अध्यक्ष कोरडेट प्रबंध समिति, अभिमन्यु राय सचिव कोरडेट, गिरधर मिश्रा महाप्रबंधक नैनो संयंत्र,संजय वैश्य संयुक्त महाप्रबंधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए राजेन्द्र यादव प्रधानाचार्य, ने किसानों को कोरडेट के कार्यकलापों और गतिविधियों के बारे अवगत कराया। कृषको को संबोधित करते हुए अभिमन्यु राय राज्य विपणन प्रबंधक इफ्को उत्तर प्रदेश ने किसानों को नैनो यूरिया के उपयोग विधि के बारे में और नैनो यूरिया से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी और किसानों से जैव उर्वरक का उपयोग करने और अपने खेतों की मिट्टी की जांच कराने की बात कही। मुख्य अतिथि शीशपाल सिंह ने इफ्को और कोरडेट द्वारा किसान हित में किए जा रहे अथक प्रयासो के बारे में बताया और जानकारी दी कि कैसे किसान वैज्ञानिक विधि द्वारा खेती करके अपनी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार कर सकते हैं। इसी क्रम में प्रशिक्षण कार्यक्रम में आये कृषकों को कोरडेट प्रक्षेत्र पर 2 हेक्टेयर गेहूं की फसल में ड्रोन के द्वारा इफको नैनो यूरिया तरल का छिड़काव किया गया। कार्यक्रम में दस राज्य उत्तरप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र,गुजरात, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड से 67 किसान उपस्थित रहे और साथ ही इफ्को फूलपुर इकाई सूर्यमणि पांडे,हर्ष चौधरी और कोरडेट के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# राजभर पुराने मित्र, भाजपा को परहेज नहीं : भूपेंद्र चौधरी

## जो बीजेपी के विचारों से सहमत हैं, साथ रखेंगे

संवाददाता



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पूर्वमंत्री ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर कहा कि भाजपा के लिए कोई अछूत नहीं और जो भाजपा के विचारों से सहमत है, पार्टी उसे अपने साथ रखने को तैयार है।

श्री चौधरी का बयान राजभर और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के बीच लखनऊ में हुई बैठक के बाद आया है। उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा, भाजपा बड़ा समुद्र है, जो हमारे विचारों से सहमत है, उसे हम साथ रखेंगे। ओम प्रकाश राजभर हमारे पुराने साथी हैं,परहेज नहीं। राजभर ने उत्तर प्रदेश का पिछला विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ा था लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बाद वह गठबंधन से अलग हो गए थे और उसके बाद उनका भाजपा के प्रति रुख नरम होता गया। हाल में राजभर ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पाठक से मुलाकात भी की थी। राजभर की पार्टी ने 2017 का विधानसभा चुनाव भाजपा के ही साथ मिलकर लड़ा था। सरकार बनने पर राजभर को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था लेकिन बाद में राजभर ने गठबंधन से नाता तोड़ लिया था। चौधरी ने दावा किया कि बीजेपी 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 80 सीटें जीतेगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण किए बगैर निकाय चुनाव कराने के आदेश सरकार को दिए थे। सरकार ने इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी जिसने उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगा दी थी न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि सरकार की ओर से नियुक्त पैनल को तीन महीने में राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों के लिए ओबीसी आरक्षण से संबंधित मुद्दों पर फैसला करना होगा। प्रदेश में नगरीय निकायों के चुनाव पिछले साल नवंबर-दिसंबर में होने थे।

# विधिक साक्षरता एवं सहायता शिविर का ग्राम गोहना कला में हुआ आयोजन

संवाददाता




लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय की प्रतिष्ठित संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में बीकेटी तहसील के गोहना कला ग्राम में विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा ने किया। इस शिविर में अपर जिला जज प्रेम प्रकाश मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय की बात की एवं वरिष्ठ नागरिकों को उचित सम्मान देने पर बल दिया। इस मौके पर सरकार द्वारा मुहैया कराई जाने वाली योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी बीकेटी प्रीति शुक्ला द्वारा निपुण भारत योजना के अंतर्गत चलाए गए योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए, अभिभावकों को अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के विषय में जागरूक किया गया। शिविर में आगे बढ़ते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीकेटी से आए डॉ. शब्बीर अली ने ग्रामीणों को ठंड से बचाव के बारे में जानकारी एवं बच्चों के टीकाकरण को लेकर उपस्थित ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों से हर महीने 9 तारीख को होने वाले टीकाकरण में भाग लेकर बच्चों का टीकाकरण कराने का आग्रह किया। वन स्टॉप सेंटर से सोनल श्रीवास्तव ने वन स्टॉप सेंटर द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले विभिन्न सुविधाओं के बारे में जैसे कि अल्पावास गृह ,काउंसलर ,प्रशिक्षित नर्स ,महिला पुलिस रिर्पोटिंग सेंटर के बारे में बताया। महिला सुरक्षा से जुड़े समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 181 पर सूचना देने को कहा,लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने अपने संबोधन में सुलह समझौता के जरिए विवादों के निपटारे पर जोर दिया। विधि संकाय के ही प्रोफेसर अनुराग श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में ऐसे लोगों से बचने की सलाह दी जो गांव समाज में लोगों को अन्यत्र मुकदमे के लिए उकसाते है।

# एनबीआरआई में गुलाब एवं ग्लेडियोलस प्रदर्शनी का 21 व 22 जनवरी को होगा आयोजन

संवाददाता, लखनऊ। राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ 21 एवं 22 जनवरी को अपनी प्रसिद्ध वार्षिक गुलाब एवं ग्लेडियोलस प्रदर्शनी को आयोजित करने जा रहा हैं। प्रदर्शनी का आयोजन संस्थान के वनस्पति उद्यान स्थित सेंट्रल लॉन में किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में सरकारी, गैर-सरकारी संस्थान समेत इच्छुक व्यक्ति, महिलाएं, उद्यान प्रेमी आदि प्रदर्शनी की विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे कट फ्लावर्स, पुष्प सज्जा प्रदर्शन, फोटोग्राफी में भाग ले सकते हैं। सीएसआईआर व एनबीआरआई, लखनऊ विगत लगभग 60 वर्षों से उत्तर भारत में गुलाब एवं ग्लैडियोलस को लोकप्रिय बनाने के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन करता रहा हैं। प्रदर्शनी में 18 वर्गों (ए से आर), 26 खंडो समेत करीब 26 रनिंग चौलेंज कप, शील्ड्स एवं ट्राफीज प्रदर्शकों के लिए बनायीं गयी हैं। इस वर्ष प्रदर्शनी में मुख्य प्रतियोगिताओं में बोनान्जा डेकोरेटर्स रनिंग शील्ड-प्रदर्शनी में अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए, हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड रनिंग चैलेंज ट्राफी पुष्प व्यापार में ग्लैडियोलस स्पाइक्स के संग्रह के लिए, राजा भद्री रनिंग चौलेंज शील्ड प्रदर्शनी के अच्छे भारतीय एचटी किस्म गुलाब के लिए एवं मॉल नर्सरी रनिंग चौलेंज कप प्रदर्शनी के सर्वोत्तम गुलाब के लिए शामिल रहेगी।

# नवयुग कन्या महाविद्यालय में युवा महोत्सव का आयोजन

संवाददाता



लखनऊ। स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ के 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा युवा महोत्सव का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया, इस कार्यक्रम में गणमान्य अतिथि के रूप में पवन सिंह चौहान( सदस्य विधान परिषद, उत्तर प्रदेश) तथा डॉ राजेंद्र पाल सिंह (आईपीएस, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण, लखनऊ) उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने की तथा कार्यक्रम का संयोजन व संचालन एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी ने किया, कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तत्पश्चात कैडेट आयुषी शर्मा ने प्रार्थना गीत एवं साक्षी सोनकर के सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया, सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत कैरेट वसुंधरा, हरशीन, सुप्रिया ज्योति, हर्षिता, खुशी, स्वाति एवं सगलगुण ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित बैले नृत्य नाटिका प्रस्तुत की, तत्पश्चात फिट इंडिया थीम पर समीक्षा, रोशनी,ललिता, खुशी, नव्या आदि ने अपने प्रस्तुतीकरण से दर्शाया कि किस प्रकार से हम स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं। अतुल्य भारत पर आधारित नाटिका के माध्यम से कैडेट मनु, कीर्ति रस्तोगी, सोनी सिंह, मनु, ज्योति, पंखुरी आदि ने भारत के विभिन्न प्रदेशों की जानकारी संगीतमय अंदाज में दी। अंतिम आकर्षण भारत की अनेकता में एकता संस्कृति को दर्शाता हुआ नृत्य था। जिसमें कैडेट कीर्ति,स्वाति, धारणी, अनामिका, साक्षी, युक्ता, दीपांशी, श्रेया, ईशा, ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन कैडेट सौम्या भंडारी एवं तनु सारस्वत ने किया। डॉ राजेंद्र पाल सिंह आईपीएस ने अपने संबोधन में एनसीसी कैडेट्स की जोशीली प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं है उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में कामयाबी का परचम लहराया है और लगातार इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं स्वाबलंबी बनने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया

संवाददाता, लखनऊ। राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के बैनर तले विधायक निवास दारुलसफा स्थित स्वामी विवेकानंद प्रेरणा स्थल में स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने कहा कि युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करके ही शांति एवं समृद्धशाली राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए वर्तमान की चुनौतियों एवं राजनैतिक,सामाजिक समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। देश एवं प्रदेश के नौजवानों से अपील करते हुए कहा कि स्वामी के विचारों, आदर्शों, सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने से लक्ष्य की प्राप्ति के साथ-साथ बेहतर भविष्य सुख,समृद्धि एवं आनंद को प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर बलवंत चौहान,संतोष सिंह, दुर्गेश कुमार, गौरव कुमार वर्मा, विपेंद्र सिंह,एडवोकेट जेपी सिंह,महेंद्र रावत, राहुल वर्मा,प्रतिभा कुमारी,अनिल कश्यप, अवधेश यादव,उमेश राजपूत,सुमित सिंह उपस्थित रहे।

### अमिताभ ठाकुर की मांग बिजली दरें न बढ़ाए सरकार

संवाददाता, लखनऊ। अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रस्तावित विद्युत दरें व्यापार व उद्योग में बाधक बनकर, घरेलू उपभोक्ताओं की कमर तोड़ने का काम करेगी। साथ ही सरकार से मांग की जैसा की सरकार पूर्व में कहती आई है। विद्युत दरें कम की जाएंगी। लेकिन विघुत दरों में मूल्यवृद्धि की जा रही हैं।यदि सरकार बिजली दरें बढ़ाएगी। तो अधिकार सेना इसे बरदाश्त नहीं करेगी स इसके खिलाफ धरना व प्रदर्शन करेगी। जब तक सरकार अपना निर्णय वापस नहीं ले लेती है।

### एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कालेज में अभ्युदय योजना केन्द्र का हुआ शुभारम्भ

संवाददाता, लखनऊ। एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कालेज लखनऊ में समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह के निर्देशन में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अभ्युदय योजना केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। साथ ही बताया कि अभ्युदय केन्द्र में आर्थिक रूप से कमजोर मेघावी छात्र व छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग दी जायेगी। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में आए लोगों को स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. सुधीर कुमार क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, डॉ. विद्यानंद त्रिपाठी परीक्षा नियंत्रक, महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव अमलेन्दु दत्ता एवं महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन प्रो. ऊमा पाठक के द्वारा किया गया। सामाजिक समरसता का प्रतीक मकर सक्रान्ति पर्व सन्निकट होने के कारण महाविद्यालय में तहरी भोज का आयोजन भी किया गया।

### लोकप्रिय चिकित्सकों ने किया कंबल वितरण

संवाददाता, लखनऊ। नर सेवा नारायण सेवा के मूलमंत्र के साथ प्रत्येक शीत लहर के कहर के बीच देवदूत बनकर ममता चौरिटेबल ट्रस्ट कंबल वितरण महाअभियान चलाकर गरीब लाचार वंचित एवं मजलूम के बस्तियों में कैंप लगाकर,घूम घूम कर कंबल वितरित करती हैं इसी महाअभियान के तहत आज बालागंज चौराहा, ठाकुरगंज चौराहा, कैम्पल रोड, खत्री चौराहा,पाल तिराहा,ग्वारी चौराहा सहित विभिन्न विभिन्न अस्पतालों के प्रांगण में शिविर लगाकर जरूरत मंदो को कंबल ओढ़ाकर उनके लिए आग सेंकने का भी प्रबंध किया गया! इस अभियान में डॉ आनंद मिश्रा, डॉ सुनीता चन्द्र, डॉ संदीप तिवारी,सहित ट्रस्ट टीम के कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया !सरस्वती शिशु मंदिर अलीगंज के प्रांगण में विशाल शिविर लगाकर जरूरतमंदो को कंबल वितरित किए डॉक्टरों ने ममता चौरिटेबल ट्रस्ट के कार्यो की सराहना करते हुए राजीव मिश्रा सहित पूरी ममता टीम को साधुवाद दिया !चीफट्रस्टी एवं लोकप्रिय समाजसेवी राजीव मिश्रा ने कहा कि ट्रस्ट अपने महाअभियान में यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता की संकल्पना के साथ माताओं-बहनो बेटियों को कंबल वितरित कर रहीं हैं इस मौके पर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढकर हिस्सा लियां डॉ राजेश शुक्ल ने बताया कि ममता टीम के वालंटियर 247 के अंतर्गत कंबल ओढांने का कार्य लगातार कर रहीं है! आज के अभियान के संयोजक एवं ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष एडवोकेट गौरव पांडे ने बताया कि जब तक शीत लहर का प्रकोप श्रहेगा अभियान जारी रहेगा।

# शाइनिंग स्टार्स ने धूमधाम से मनाया अपना ग्यारहवां स्थापना दिवस

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के एक स्थानीय होटल में शाइनिंग स्टार्स कंपनी ने अपना ग्यारहवां स्थापना दिवस काफी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर शाइनिंग स्टार्स द्वारा अपने कर्मचारियों व अधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चिरंजीव नाथ सिन्हा, एडीसीपी मध्य, सम्माननीय अतिथ के रूप में उपस्थित बिल्हौर से भाजपा विधायक राहुल बच्चा सोनकर, एवं सबीहा अहमद सदस्य सुन्नी वक्फ बोर्ड उपस्थित थे। कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कंपनी के वाईस प्रेजिडेंट देव चिन्मय ने शाइनिंग स्टार्स द्वारा युवाओं के प्रति किये जा रहे कार्यों का परिचय दिया। देव के अनुसार शाइनिंग स्टार्स द्वारा पिछले वर्ष आठ हजार से भी ज्यादा लोगो को नौकरी प्रदान की गयी है। ज्ञात हो की शाइनिंग स्टार्स देश के विभिन्न कॉर्पोरेट कंपनियों को मानव संसाधन की सेवा प्रदान करती है। कंपनी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर यह सेवा नौकरी ढूंढ रहे युवक-युवतियों को निशुल्क प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कहा की आज के इस प्रतियोगी दौर में शाइनिंग स्टार्स जैसे संस्थानों की भूमिका युवाओं को सही मार्ग दर्शन देने में काफी अहम हो गयी है। अपने संबोधन में विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने शाइनिंग स्टार्स के प्रयासों की काफी सराहना की तो वही उन्होंने युवाओं को राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे बेरोजगारों के लिए लाभकारी योजनाओं से भी जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट सेवा एवं प्रदर्शन के लिए अधिकारीयों को सम्मानित किया गया।

सुम्बुल खान को बेस्ट परफॉर्मर 2022 का पुरस्कार दिया गया एवं किरण यादव को सुपर्ब बिजनेस लीडर का अवार्ड दिया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने दिल्ली, मुंबई एवं लखनऊ से विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनी के मानव संसाधन अधिकारी भी उपस्थित थे। स्थापना दिवस समारोह के अंत के अंत में शाइनिंग स्टार्स के सीईओ मोहम्मद कामिल एवं अविरल सोनकर ने उपस्थित अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में दीपक कुमार, साई शरणम फाउंडेशन के अध्यक्ष साई दास पंकज शुक्ला, पार्षद आदर्श पांडेय, सोनल सोनकर,अभिषेक श्रीवास्तव, नेहा तिवारी, अनुभा तिवारी, सलील श्रीवास्तव, उमर खान, सौम्या सिंह, सोनाली यादव आदि उपस्थित थें। मंच का संचालन कंपनी के ट्रेनिंग हेड अली मुस्तफा रिजवी एवं रीतिका आहूजा ने संयुक्त रूप से किया।

# शिक्षा मित्रों ने मांगों को लेकर सम्मान व स्वाभिमान बचाओं रैली की




संवाददाता

लखनऊ।उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ द्वारा इको गार्डेन लखनऊ में शिक्षा मित्र सम्मान व स्वाभिमान बचाओं रैली की गई। प्रदेश के शिक्षा मित्रों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित की गयी। जिसमें प्रदेश के सम्पूर्ण शिक्षा मित्र की रैली में एकता दिखाई दी। इस कड़ाके की ठण्ड की परवाह न करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में लखनऊ में उपस्थिति हुए। प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला ने प्रदेश सरकार से कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों से अपनी आजीविका चलाने में आ रही समस्या के निराकरण हेतु शिक्षा मित्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अनुरोध करने हेतु उपस्थित हुए हैं। प्रदेश संरक्षक गाजी इमाम आला ने प्रदेश से आये सभी शिक्षा मित्रों का आभार व्यक्त किया। अपनी एकता को बनाये रखने का आह्वान किया। प्रदेश मंत्री कौशल कुमार सिंह ने प्रदेश के कोने-कोने से आये शिक्षा मित्रों की पीड़ा को मकर संक्राति पर उपस्थित शिक्षा मित्रों की मांगों को पूरा करने की मांग है। शिक्षा मित्रों का कल्याण जल्द होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश पदाधिकारी अरविन्द वर्मा, शैलेश यादव, तीर्थदेव शर्मा, राकेश बाजपेई, सतीश बालियान, बुन्देलखण्ड प्रभारी दिनकर अवस्थी ने रैली को सम्बोधित किया।

# हिंदी मेरी शान डॉक्यूमेंट्री को दस हजार दर्शकों तक पहुंचाने का लक्ष्य

संवाददाता, लखनऊ। अवार्ड विनिंग लेखक और चर्चित फिल्म निर्देशक विपिन अग्निहोत्री ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार और जागरूकता के लिए छह महीनों की मेहनत के बाद डॉक्यूमेंट्री हिंदी मेरी शान रिलीज की है। इसे यू-ट्यूब लिंक के माध्यम से आसानी से कहीं भी दुनिया भर में देखा जा सकता है। उनका लक्ष्य इस डाक्यूमेंट्री को जल्द से जल्द दस हजार से अधिक लोगों तक पहुंचाने का है। महानगर में हुए एक कार्यक्रम में विपिन अग्निहोत्री ने अपने चाहने वालों को बताया कि लगभग 25 मिनट कि इस डॉक्यूमेंट्री को देखने के बाद लोगों को हिन्दी पर गर्व की अनुभूति होगी। उन्होंने बताया कि भारतीयों को एक सूत्र में बांधने की अनुपम क्षमता हिन्दी में है। उनके अनुसार हिन्दी महज एक संवाद की देश विदेश की भाषा मात्र नहीं है बल्कि यह भारत की वैश्विक पहचान और भारत के माथे की बिंदी है। इस डाक्यूमेंट्री में बताया गया है कि हिन्दी शब्द, संस्कृत भाषा के सिन्धु से कालांतर में बना है।

# निकाय चुनाव से पहले यूपी बीजेपी में बड़े बदलाव से सवर्ण जातियों को साधने की तैयारी

संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव के टलने के बाद यूपी बीजेपी में बदलाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है। एक तरफ जहां यूपी बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नई टीम बनाने के लिए निर्देश दिया है। वहीं दूसरी तरफ जिलों में कई वर्षों से संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर तैनात पदाधिकारियों को भी बदले जाने की संभावना है। यूपी में बीजेपी की सरकार बनने के बाद से ही यह तय माना जा रहा था कि उन जिलों में जहां 2017 में बीजेपी ने अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन 2022 के चुनाव में हार गई है। उन जिलों के जिलाध्यक्षों व पदाधि कारियों पर कार्रवाई होगी। लेकिन प्रदेश में निकाय चुनाव होने के कारण बीजेपी के प्रदेश नेतृत्व ने कोई फैसला नहीं किया और चुनाव तक स्थिति यथावत बने रहने दी लेकिन निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट का रुख करने के कारण चुनाव टलने के बाद से संगठन में बदलाव की कवायद तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक इस बदलाव में प्रदेश भर के मंडलों, जिलों, व तहसील स्तर के करीब 1918 में से 40-50 प्रतिशत तक अध्यक्ष बदल दिए जाएंगे। बदलाव के इस बयार में सबसे पहले फरवरी तक प्रदेश की नई टीम गठित की जाएगी। जिसमें संगठन मंत्रियों, महासचिवों व प्रवक्ताओं को बदला जाएगा। जिसके बाद जिलाध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों को बदलने का काम शुरू होगा। जिसमें संगठन में कई वर्षों से महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोगों की छुट्टी तय मानी जा रही है। यूपी बीजेपी के द्वारा गठित की जा रही नई टीम में निकाय चुनाव व 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र के साथ जातीय समीकरण साधने की तैयारी की जा रही है। बीजेपी इस बदलाव से सवर्ण जातियों को साधने की तैयारी कर रही है। इसमें प्रमुख रूप से ठाकुर, वैश्य, भूमिहार और कायस्थ समाज को साधने का प्रयास किया जाएगा। माना जा रहा है कि बीजेपी इन जातियों के नेताओं को संगठन में महत्वपूर्ण पद देने की तैयारी में है। आपको बता दे कि बीजेपी 2024 के चुनावी दंगल में किसी भी प्रकार का खतरा उठाने के मूड में नहीं है। वह बीजेपी से नाराज चल रहे जातियों को भी साधने की पूरजोर कोशिश कर रही है।

# समाज और सरकार की संवेदनीनता की शिकार है भीख मांगती एक ग्रेजुएट शिवानी तिवारी

## महिला सशक्तीकरण के नाम पर तमाचा है भीख मांगती एक ग्रेजुएट महिला

संवाददाता

लखनऊ। सरकार के बेटी बचाओं और महिला सशक्ती करण अभियान के मुंह पर तमाचा मारती ग्रेजुएट शिवानी तिवारी चारबाग बस स्टैण्ड के आस-पास भीख मांग रही है। साथ ही सरकार व प्रशासन की महिलाओं के प्रति संवेदनहीनता को भी दिखा रही है। अपनों के विश्वासघात से पीड़ित करीब पैतीस वर्षीय स्नातक शिवानी तिवारी पिछले कई वर्षों से चारबाग में भीख कर अपना गुजारा कर रही हैं। शिवानी ने बताया कि वे मूलत: चन्दौली के ग्राम सवइयां की निवासी है। उनके पिता स्व: उमाकान्त तिवारी आरपीएफमें थे। जिनका देहान्त छ: साल पूर्व हो चुका था। मृत्यु के समय उनके चाचा ने कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिये थे। लखनऊ के कृष्णा नगर में इनका घर है। चाचा ने कुछ समय अपने साथ रखकर शिवानी को घर से बेदखल कर दिया। अपने माता-पिता की इकलौती संतान शिवानी तब से भीख मांग रही है। शिवानी ने सन् दो हजार सात में स्नातक उत्तीर्ण किया था। शिवानी को भीख मांगते सभी देखते है परन्तु अभी तक किसी सरकारी विभाग श्रम विभाग, महिला समाज कल्याण विभाग, नगर निगम आदि ने कोई सुध नहीं ली है। उसके पास रहने का कोई ठिकाना नहीं है। अपनी इज्जत बचाने की खातिर रात को अपने पास एक डंडा व कुछ पत्थर के टुकड़े रख कर भीषण ठंड में खुले में सोती है। शिवानी तिवारी जैसी स्नातक महिला को मजबूरी में भीख मांगना पड़ रहा है तो उसकी यह स्थिति समाज, प्रशासन और राज्य सरकार के मुंह पर एक तमाचा ही है। जो महिला सशक्तीकरण के नाम पर हजारों दावे करते है। शिवानी की हकीकत सभी को एक आइना दिखा रही है कि प्रशासन भले ही कितने दावे कर ले परन्तु समाज की संवेदनहीनता की हकीकत तो शिवानी तिवारी सबको दिखा रही है।

# राज्यपाल ने स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती 'युवा दिवस' के अवसर पर जी (20) समिट में शामिल होने आए दुबई के उद्यमी डॉ. बु अब्दुल्ला तथा उनके प्रतिनिधिमण्डल की उपस्थिति में राजभवन स्थित स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। भारत में स्वामी विवेकानंद की जयंती का जन्म प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णयानुसार सन् 1984 ई. को अंतरराष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया गया। इसके महत्व का विचार करते हुए भारत सरकार ने घोषणा की कि सन 1984 से 12 जनवरी यानी स्वामी विवेकानंद जयंती (जयंती) का दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में देशभर में सर्वत्र निर्णय लिया। ऐसा अनुभव हुआ कि स्वामी जी का दर्शन एवं स्वामी जी के जीवन तथा कार्य के पश्चात निहित उनका आदर्श यही भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का बहुत बड़ा स्त्रोत हो सकता है। इस दिन देश भर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में तरह-तरह के कार्यक्रम होते हैं। रैलियां निकाली जाती हैं। योगासन की स्पर्धा आयोजित की जाती है। स्वामी विवेकानंद ने 1893 में अमेरिका के शिकागो में 'विश्व धर्म संसद में अपना ऐतिहासिक भाषण दिया था। स्वामी जी ने कहा था, सांप्रदायिकता, कट्टरता और इसके भयानक वंशजों के धार्मिक हठ ने लंबे समय से इस खूबसूरत धरती को जकड़ रखा है। उन्होंने इस धरती को हिंसा से भर दिया है और कितनी ही बार यह धरती खून से लाल हो चुकी है। न जाने कितनी सभ्यताएं तबाह हुईं और कितने देश मिटा दिए गएज्आज हमारे करोड़ों लोग भारत को एक करने की आकांक्षा व सपने देखने में और समाज में फैली नफरत को मिटाने के लिए आतुर हैं। स्वामी जी का संदेश हम सभी के लिए, विशेष रूप से हमारे युवाओं के लिए मार्गदर्शक प्रकाश बना हुआ है। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि श्उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाए।



## सम्पादकीय

# अक्षम्य अपराध

हाल के दिनों में सार्वजनिक जीवन में बेशर्मी से गलत व्यवहार करने व खुद को सही ठहराने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। विडंबना यह कि लोगों द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी से दोषी इसे मौन स्वीकृति मानने लगे हैं। ऐसा ही वाकया पिछले दिनों सामने आया जिसमें न्यूयार्क से दिल्ली आ रही फ्लाइट में शराब के नशे में धुत यात्री ने एक बुजुर्ग महिला की सीट पर जाकर पेशाब कर दिया। निस्संदेह घटना शर्मसार करने वाली है। कल्पना कीजिए कितनी घृणित परिस्थितियों में भद्र महिला को यात्रा करनी पड़ी होगी। हद तब हुई जब केबिन-क्रू ने महिला को उसी सीट पर बैठने को बाध्य किया। नई सीट देने में दो घंटे लगे। विडंबना देखिये कि बीते साल नवंबर के अंत में हुई घटना नये साल में सुर्खियों में आई। बीते शनिवार आरोपी को बेंगलूरू से गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। सवाल यह है कि आरोपी को हवाई जहाज से उतरकर घर कैसे जाने दिया? उसे तुरंत पुलिस को क्यों नहीं सौंपा गया? कहते हैं कि एअर लाइंस को दोषी यात्री को सिर्फतीस दिन तक यात्रा से प्रतिबंधित करने का हक है। सवाल यह है कि हवाई यात्रा में शराब क्यों परोसी जाती है? परोसी जाती है तो सीमित मात्रा में क्यों नहीं? अब इस बवाल के बाद एअर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपबेव विल्सन कह रहे हैं कि एअर लाइंस विमान में शराब परोसने की नीति की समीक्षा कर रही है। निस्संदेह यह घटना हर देशवासी को शर्मसार करने वाली है। दुखद यह कि जिम्मेदार लोगों ने समय रहते दोषी के खिलाफकार्रवाई नहीं की। एअर इंडिया द्वारा पीड़ित महिला की शिकायत पर एक माह बाद ध्यान देना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे ढुलमुल रवैये से ही अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं। आखिर जो एअर लाइंस यात्रा के दौरान शराब परोसती है, उसने शराबियों की धींगामुश्ती रोकने की व्यवस्था क्यों नहीं की। इस घटना में चालक दल के सदस्यों ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की? अब जाकर चालक दल के कुछ सदस्यों को ड्यूटी से हटाया गया है। विडंबना यह है कि इस भयावह घटना के उपरांत दिसंबर की शुरुआत में पेरिस-दिल्ली एअर इंडिया की दूसरी उड़ान में ऐसी ही घटना की पुनरावृत्ति की खबरें भी चर्चा में रही। ये घटनाएं नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा लागू हवाई सुरक्षा नियमों के सख्ती से पालन की जरूरत बताती हैं। भारत में जहां विमानन बाजार तेजी से बढ़ रहा है वहां इस तरह एअर रेज की घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। दिसंबर के आखिरी सप्ताह में थाई स्माइल एअरवेज की बैंकॉक-कोलकत्ता उड़ान के दौरान भी एक यात्री द्वारा टेक-ऑफ के दौरान अपनी सीट को सीधी न करने पर जमकर मारपीट हुई थी। इससे पहले भी अप्रैल में घरेलू विमान में नशे में धुत तीन यात्रियों को एयरहोस्टेस से बदतमीजी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। निस्संदेह, ऐसे मामलों में जीरो-टॉलरेंस की नीति के साथ बदतमीजी करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जरूरत है।

# जोशीमठ में विकास की दरारें

दस साल पहले जून 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ में भयंकर तबाही हुई थी। भयंकर बारिश और मंदाकिनी नदी में उफान ने हजारों जिंदगियां लील ली थीं, सैकड़ों घर तबाह हो गए थे। इस आपदा को प्राकृतिक कहा गया, लेकिन असल में यह प्रकृति से अधिक मानव निर्मित आपदा थी। बारिश, गर्मी और सर्दी ऋतुचक्र का हिस्सा हैं। धरती के नीचे भी तरह-तरह के परिवर्तन होते रहते हैं, इसलिए धरती कभी कांपती है, कभी उसके नीचे की सतहें एक जगह से दूसरी जगह सरकती हैं। ये सारी व्यवस्थाएं इसलिए हैं ताकि धरती का अस्तित्व बना रहे। पेड़, पौधे, कीड़े-मकौड़े, जानवर सब इस व्यवस्था के हिसाब से चलते हैं। लेकिन इंसान ने अपनी बुद्धि के घमंड में इस व्यवस्था को चुनौती देनी शुरु कर दी। जिन जगहों पर पहाड़ों को होना था, जहां जंगलों का विस्तार होना था, जहां नदियों को बहने के लिए जगह चाहिए, जहां बारिश के पानी को समाने के लिए स्थान चाहिए, उन सारी जगहों पर इंसान ने अपना कब्जा जमाना शुरु कर दिया। लेकिन जब उसके कब्जे को प्रकृति का नुकसान पहुंचा, तो उसे प्राकृतिक आपदा का नाम दे दिया गया। यह नाम देने की सुविधापूर्ण चालाकी ही फिर से भारी पड़ती दिखाई दे रही है। केदारनाथ संकट से कोई सबक न लेने का नतीजा है कि अब उत्तराखंड के ही एक और शहर जोशीमठ के धंसने का खतरा पेश आ गया है।जोशीमठ ग्लेशियर की मिट्टी पर बसा शहर है, जिसकी जमीन बहुत मजबूत नहीं है। इस बात का उल्लेख 50 साल पहले एमसी मिश्रा समिति की रिपोर्ट में किया गया है। इस रिपोर्ट में अनियोजित विकास के खतरों को रेखांकित करते हुए चेतावनी दी गई थी कि जोशीमठ में छेड़खानी भारी पड़ सकती है। रिपोर्ट में जड़ से जुड़ी चट्टानों, पत्थरों को बिल्कुल भी न छेड़ने के लिए कहा गया था। वहीं यहां हो रहे निर्माण को भी सीमित दायरे में समेटने की गुजारिश की गई थी। लेकिन 1976 में दी गई इन नसीहतों को अनदेखा, अनसुना किया गया। इसके बाद और भी अध्ययनों में ऐसी ही बातें सामने आईं कि इस पहाड़ी इलाके में विकास के नाम पर चल रही बड़ी परियोजनाएं आखिरकार तबाही का सबब बन सकती हैं। पहले उत्तरप्रदेश और बाद में उत्तराखंड बनने के बाद कांग्रेस और भाजपा दोनों की सरकारें यहां रहीं, लेकिन इन चेतावनियों पर ध्यान नहीं दिया गया। पिछले साल ही उत्तराखंड में फिर से भाजपा ने सरकार बनाई और यहां प्रचार के लिए प्रधानमंत्री मोदी जब भी आए, उन्होंने पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी का जिक्र करते हुए विकास के बड़े-बड़े सपने दिखाए।उत्तराखंड को देवभूमि कहते हुए यहां धार्मिक गतिविधियों को बढ़ाने की योजनाएं बनाई गईं। धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन बढ़ाकर आर्थिक समृद्धि के ख्वाब दिखाए गए। लेकिन यह सब किस कीमत पर हासिल होगा, इस पर विचार नहीं किया गया। पहाड़ों की नाजुक जमीन पर सीमेंट की संरचनाओं और मानव आबादी का जरूरत से अधिक बोझ डालने का दुष्परिणाम पहले केदारनाथ के रूप में सामने आया और अब जोशीमठ वैसे ही खतरे से जूझ रहा है। पिछले साल ही चमोली के विकासखंड नन्दानगर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।यहीं उन्होंने जोशीमठ का पौराणिक नाम ज्योर्तिमठ करने की घोषणा भी की। भाजपा सरकारों की नाम बदलने की ये राजनीति केवल भावनाओं में उफान ला सकती है, लेकिन जमीनी सच्चाइयों को बदल नहीं सकती। जोशीमठ का नाम ज्योर्तिमठ होने से यहां की जमीन मजबूत नहीं हो जाएगी, न ही जिन घरों में दरारें पड़ी हैं, वो मिट जाएंगी। पिछले साल दिसंबर में मुख्यमंत्री धामी ने ये घोषणा की थी और उससे पहले नवंबर से ही लोग घरों में दरारें आने की शिकायत कर रहे थे। अगर तब नाम बदलने की घोषणा करने की जगह मुख्यमंत्री ने इन शिकायतों पर ध्यान दिया होता, तो शायद आज 6 सौ परिवारों को उनके घरों से निकालकर दूसरी जगह शरण देने की नौबत नहीं आती। जोशीमठ में हालात की गंभीरता को देखते हुए अब एनटीपीसी की तपोवन-विष्णुगढ़ जलविद्युत परियोजना और मारवाड़ी-हेलंग बाईपास मोटर मार्ग को अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। संकट और दहशत के बीच जी रहे लोग लगातार सरकार से ध्यान देने की मांग कर रहे थे, जिस पर अब जाकर प्रधानमंत्री मोदी ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। इसबैठक के बाद मुमकिन है, कुछ वक्त के लिए सारे निर्माण कार्य रोक दिए जाएंगे। जिन इमारतों में दरारें बढ़ गई हैं, वहां से लोगों को हटाकर दूसरी जगह ले जाया जाएगा। लेकिन इसके बाद क्या होगा, ये बड़ा सवाल है। क्या इस पहाड़ी प्रदेश में चल रही करोड़ों की विकास परियोजनाओं को रोकने की हिम्मत सरकार दिखा पाएगी। क्या पर्यटन को नियंत्रित करने में सरकार सक्षम होगी। और ये केवल एक राज्य की बात नहीं है। देश के कई पहाड़ी इलाके अपनी सुंदरता के कारण इसी तरह बर्बाद हो गए हैं। क्या उन सब जगहों के बारे में सरकार विचार करेगी।एक सवाल हिंदू समाज से भी है कि क्या वह अपनी आस्था के ऐतिहासिक, धार्मिक स्थानों की रक्षा के लिए कभी जागृत होगा। हाल ही में सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल बनाने के फैसले से सरकार को कदम पीछे खींचने पड़े, क्योंकि जैन समुदाय ने एकजुट होकर अहिंसक तरीके से अपने इस पवित्र स्थान को पर्यटन का केंद्र बनाने का विरोध किया। क्या हिंदू समाज इससे कोई प्रेरणा लेगा।

# महादेवी वर्मा की कविता महिला उत्पीड़न के विरुद्ध सामाजिक बदलाव का आह्वान... मुजाहिद चौधरी

**(मुजाहिद चौधरी एडवोकेट)**



यह कविता मैं कहीं नहीं पढ़ पाया। आभारी हूं सोशल मीडिया पर सक्रिय एक संघर्षशील,कर्मठ, हिम्मत और हौसले की प्रतिमूर्ति डॉ. दीपिका माहेश्वरी सुमन जी का जिन्होंने यह कविता मुझे उपलब्ध कराई । इसमें कोई शक नहीं कि इस कविता को पढ़कर मैं क्या हर कोई हैरान हो सकता है । अगर महादेवी वर्मा जी की अन्य कृतियों पर प्रकाश डाला जाए तो निसंदेह यही कहा जाएगा कि इस प्रकार की रचनाएं महादेवी वर्मा ही लिख सकती हैं । निश्चित तौर पर यह महादेवी वर्मा का उत्कृष्ट प्रयास है । वह कहती हैं, 'मैं हैरान हूं । मैं हैरान हूं यह सोचकर, किसी औरत ने क्यों नहीं उठाई उंगली ? तुलसी दास पर ,जिसने कहा , ढोल ,गंवार ,शूद्र, पशु, नारी,ये सब ताड़न के अधिकारी। मैं हैरान हूं , किसी औरत ने क्यों नहीं जलाई (मनुस्मृति) जिसने पहनाई उन्हें गुलामी की बेड़ियां ? मैं हैरान हूं ,किसी औरत ने क्यों नहीं धिक्कारा ? उस राम को जिसने गर्भवती पत्नी सीता को ,परीक्षा के बाद भी निकाल दिया घर से बाहर धक्के मार कर। किसी औरत ने लानत नहीं भेजी, उन सब को, जिन्होंने औरत को समझ कर वस्तु लगा दिया था दांव पर । होता रहा नपुंसक योद्धाओं के बीच समूची औरत जाति का चीरहरण ? महाभारत में ? मै हैरान हूं यह सोचकर ,किसी औरत ने क्यों नहीं किया ? संयोगिता अंबा -अंबालिका के दिन दहाड़े, अपहरण का विरोध आज तक ! और मैं हैरान हूं ,इतना कुछ होने के बाद भी, क्यों अपना श्रद्धेय मानकर पूजती हैं मेरी मां दृ बहनें उन्हें देवता-भगवान मानकर? मैं हैरान हूं, उनकी चुप्पी देखकर । इसे उनकी सहनशीलता कहूं या अंध श्रद्धा या फिर मानसिक गुलामी की पराकाष्ठा? यह कविता अपने समय की मशहूर कवियत्री लेखिका महादेवी वर्मा की प्रमुख रचनाओं में से एक है । लेकिन इस रचना पर कभी कोई समीक्षा या टिप्पणी देखने और पढ़ने में नहीं आई । या यूं कहा जाए कि उनकी इस कविता को छुपा कर रखा गया । उन्होंने देश, समाज, काल, व्यक्तित्व,प्रकृति और प्रेम सहित अनेकों विषयों पर उत्कृष्ट रचनाएं लिखकर हिंदी भाषा की सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान दिया । समाज सुधार की एक शानदार कोशिश की । सही को सही और गलत को गलत ठहराने की हिम्मत की । लेकिन यह कविता उनकी समस्त रचनाओं से बिल्कुल अलग है । जो उनकी हिम्मत,हौसले और सत्य को कहने की उनकी क्षमता और महिलाओं के प्रति सामाजिक नजरिए का तथा महिलाओं को अपने सम्मान की रक्षा हेतु आंदोलित करने का सर्वोत्तम प्रयास है । एक ओर यह कविता महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित किए जाने, उनके शोषण को समाज के सामने प्रदर्शित करने का प्रयास है । वहीं दूसरी ओर यह समाज से विशेषकर पुरुष वर्ग से एक अनुत्तरित प्रश्न है । हालांकि महादेवी वर्मा जी के समय से आज समय बहुत बदला है । महिलाओं को बहुत अधिकार और अवसर मिले हैं ।

महिलाओं के संरक्षण के लिए अनेकों कानून बनाए गए हैं,आयोगों की स्थापना की गई है । उनकी सुरक्षा, सम्मान, विकास और संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई है । उनको आरक्षण की सुविधा प्रदान की गई है । लेकिन आज भी अधिकांश महिलाओं की स्थिति लगभग वैसी की वैसी ही है । बदलाव आया है लेकिन वह उतना नहीं है । क्योंकि मात्र कानून बनाने से, योजनाएं बनाने से किसी समाज का विकास नहीं किया जा सकता । किसी समाज का संरक्षण नहीं किया जा सकता । किसी समाज को सम्मान नहीं दिया जा सकता । बल्कि समाज के किसी अंग के संरक्षण,विकास और सहयोग के लिए सामाजिक नजरिए और सामाजिक बदलाव की आवश्यकता होती है । आज भी उच्च कोटि के लेखक ,कवि ,कवयत्री ? और साहित्यकार विभिन्न भाषाओं में अपना अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं । लेकिन महिलाओं के शोषण व उत्पीड़न को रोकने और उनको समाज में सर्वोत्तम स्थान प्रदान किए जाने हेतु अभी भी बहुत कुछ लिखने ,कहने और प्रयास करने की आवश्यकता है । अपनी इस महत्वपूर्ण कविता में महादेवी वर्मा ने औरत से ही सवाल किया है ।?? यानी उनकी मंशा है कि अपने बदलाव के लिए स्वयं महिलाओं को आगे आना चाहिए । उनको सही को सही और गलत को गलत कहना चाहिए । अगर उनके साथ कहीं गलत हो रहा है तो उसका विरोध करना चाहिए । गलत के सामने समर्पण नहीं करना चाहिए । देश और दुनिया की महिलाओं को उनकी इस कविता को प्रेरणा मानकर अपने संरक्षण और सम्मान के लिए उठ खड़े होने की जरूरत है । एक सामाजिक आंदोलन प्रारंभ करने की आवश्यकता है । आइए मिलजुल कर महिलाओं को संरक्षण, उनका वांछित स्थान और सम्मान प्रदान करने का प्रयास करें और महादेवी वर्मा के सपनों को साकार कर अपनी श्रद्धांजलि दें ।

**स्तंभ लेखक विश्लेषक कवि**
**हसनपुर, अमरोहा**

# उनका नया साल

**राज खन्ना**

गुजरते साल की ढलती शाम अभिषेक सिंह मेरे साथ हैं। वे उस टोली के उत्साही युवा साथी हैं, जो दिन-रात पीड़ितों-वंचितों के आंसू पोंछने और सेवा-सहयोग के प्रति समर्पित है। अभाव,तकलीफें, जरूरतें अंतहीन हैं। तुलना में उनकी कोशिशें छोटी हैं , पर संदेश बड़े हैं। भूखों को भोजन उनकी चिंताओं में शामिल है। नए साल में वे और उनके साथी एक नई मुहिम शुरू कर रहे हैं। महीने में एक समय की भूख हड़ताल। पूरे दिन की भी कर सकते हैं और संकल्प मजबूत हो तो हफ्ते में भी इसे कर सकते हैं। ये भूख हड़ताल किसी सरकार के खिलाफ नहीं है। अपनी किसी मांग के पक्ष में दबाव बनाने के लिए भी नहीं है। कोई धरना-प्रदर्शन जैसा कुछ नहीं होना है। अपना भोजन बचाना है और किसी भूखे को खिलाना है। पास-पड़ोस में किसी भूखे को सीधे मुहैय्या कर सकते हैं। किसी परिचित के माध्यम से कहीं भी या इस प्रकार के कार्य में लगी किसी संस्था के जरिये भी। सुल्तानपुर के वाशिंदे हों तो इन युवाओं को एक समय के भोजन का पचास रुपया भी दे सकते हैं। पर इस आर्थिक सहयोग के साथ एक शर्त जुड़ी है। जितनी बार के किसी के भोजन के लिए पैसे दें,उतने बार स्वयं भोजन न करें। अभियान का मकसद धन जुटाना नहीं है। स्वयं भूखे रहकर अभावग्रस्त लोगों के लिए संवेदना जगाना और मुमकिन हद तक जोड़ना है। अभिषेक कहते हैं कि बहुत से लंगर-भंडारे चलते रहते हैं। ऐसे अभियानों के लिए धन देने वाले भी आसानी से मिलते हैं। पर अगर खुद भूखे रहकर किसी भूखे को भोजन करा सकें तो ये छोटा सा त्याग जीवन में सेवा-संवेदना-सहयोग और सहकार के नए द्वार खोलेगा। युवाओं ने इस मुहिम को किसी संस्था से जोड़कर सीमित नहीं किया है। लगभग दो सौ लोग इस समूह से जुड़ चुके हैं। लड़कियों का भी अलग समूह बना है। कोई भी इनसे जुड़ सकता है। कहीं से भी जुड़कर और कितनों को ही जोड़कर इस नेक कोशिश को अपने घर-स्थान से विस्तार दे सकता है। निशान्त द्विवेदी, सर्वेश सिंह, रितेश रजवाड़ा, आकांक्षा सिंह, पल्लवी, प्रणीत, सुशांत द्विवेदी, सुशील कुमार सिंह, शुभेद्रु सिंह आदि इस दिशा में काफी सक्रिय हैं। अभिषेक और उनके साथियों की मुहिम को साझा करने की मेरे पास वाजिब वजहें हैं। टूटते भरोसे और अनास्था के गहराते अंधियारे के बीच ये नौजवान रोशनी की लकीरें खींचतें है। तब और भी अच्छा लगता है जब उनके नेक काम उनके नहीं दूसरों के मुख से दोहराए जाते हैं। उनका विस्तार और उनकी निरंतरता और साथ ही सरकारी सहायता-राजनीति और खेमेबंदी से उनकी दूरी सब कुछ सुखद है। पांच साल पहले श्अंकुरण श् ने सुल्तानपुर के सामाजिक जीवन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रक्तदान, असहायों-विक्षिप्तों की सेवा-सुश्रुषा, निर्धन छात्रों की सहायता, बुक - कपड़ा बैंक और लावारिस शवों का अंतिम संस्कार जैसे मुश्किल कार्य हाथ में लिए। कम समय में उनके काम का पड़ोस के जिलों अयोध्या,अम्बेडकर नगर,जौनपुर,प्रतापगढ़, प्रयागराज, लखनऊ के साथ ही दूर नैनीताल, दिल्ली और मुम्बई तक विस्तार हुआ है। इन जिलों में वे अब तक लगभग दो हजार रक्तदान कर चुके हैं। कोरोना के कहर के बीच बड़े रक्तदान शिविरों की जगह लगभग हर हफ्ते छोटी-छोटी संख्या में मिलाकर उन्होंने चार सौ से अधिक रक्तदान किये। अंकुरण के सदस्य और शुभचिंतक जन्मदिन-वैवाहिक वर्षगांठ या अन्य मांगलिक अवसरों को रक्तदान के जरिये यादगार बनाते हैं। अनूठा होता है अवसर जब दोस्त रक्तदान करके बधाई देते हैं। लॉक डाउन की दहशत के बीच जब लोग घरों में कैद थे,तब भी अंकुरण के साथी बेबसों और महानगरों से घरों को वापस आते कामगारों को भोजन और अन्य जरूरी चीजें उपलब्ध करा रहे थे। बन्द दुकानों के बीच सूनी सड़कों पर लम्बी ड्यूटी कर रहे पुलिस वालों को भी नियमित रूप से वे चाय-पानी पहुंचाते रहे।

कोरोना पीड़ितों और उनके परिवारों की उन्होंने भरसक मदद की। इसी दौरान बीस से अधिक निर्धन छात्रों को उन्होंने गोद लिया। उन्हें किताब-कॉपी-फीस-कपड़े आदि मुहैय्या किये। अंकुरण की मदद का तरीका अलग है। वे ये तो चाहते हैं कि ऐसे प्रयासों से परिचित होकर अन्य लोग प्रेरित हों लेकिन मदद पाने वाले की पहचान वे उजागर नहीं होने देते। भरसक कोशिश होती है कि मदद अभिभावकों को उपलब्ध कराई जाए ताकि बच्चे किसी हीन भावना के शिकार न हों। ठिठुरती रातों में ठंड-भूख से जूझते असहायों की मदद का अंकुरण का खामोश अभियान चलता रहता है। इन सर्दियों में भी जारी है। उनके कपड़ा बैंक से शहर ही नहीं अनेक ग्रामीण इलाकों तक जरूरतमंदों को मदद पहुँच रही है। अभिषेक, आशुतोष श्रीवास्तव, आरिफ खान, संतोष श्रीवास्तव, सत्यम मिश्र, दीपक जायसवाल, मुकेश, दीपक आदि जैसे भरोसेमंद नामों की एक लंबी श्रृंखला है, जो अंकुरण के कार्यों को गति-विस्तार तो डॉक्टर सुधाकर सिंह और डॉक्टर शालिनी पांडे का प्रेरक मार्गदर्शन उनकी ऊर्जा को सही दिशा दे रहा है। कोरोना के उस त्रासद दौर को याद कीजिये जब बहुत अपनों के पास उनके अपने चाहकर भी पहुँचने का साहस नहीं जुटा पा रहे थे। यहाँ तक कि निधन के बाद उन्हें कन्धा देने की बात दूर पार्थिव शरीर के निकट भी लोग नहीं जा रहे थे। उस दौर में डॉक्टर आशुतोष श्रीवास्तव, आरिफ खान और अभिषेक सिंह ने पंद्रह लावारिस शवों का दाह संस्कार किया। अभिषेक उस लावारिस वृद्धा को याद कर रहे थे, जो लगभग दो साल जिला अस्पताल में भर्ती रही। सिर्फअभिषेक के हाथों से खाना खाती थी। किसी अन्य के पहुँचने पर मुख से कुछ अस्पष्ट आवाजें निकलतीं और आँखें अभिषेक को तलाशतीं। अस्पताल में ही उसने दम तोड़ा। अभिषेक और साथियों ने ही उसका अंतिम संस्कार किया। उस अनजान को याद करते अभिषेक का गला भरता है। सेवा की संतुष्टि से चेहरा खिलता और आँखें चमकती है। उन जैसों के लिए हर सुबह का सूरज जीने के नए मकसद के साथ उगता है। सिर्फ अपने लिए नहीं , दूसरों के लिए भी जीने के संकल्प के साथ। वे संकल्पों को सच में बदलते रहे हैं। नये साल में वे फिर ऐसा ही कर दिखाएंगे। अवसर मिले तो उनकी कोशिशों को करीब से परखिये। जुड़ सकें तो जरूर जुड़िये। नये साल की ढेर सारी शुभकामनाएं।

# फिल्म व टीवी सीरियल्स की समीक्षा करने धर्म सेंसर बोर्ड तैयार, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने की घोषणा

**दीपक कुमार त्यागी/हस्तक्षेप**

तरह-तरह के दु:ख-दर्द झेल रही जनता के मन को कुछ देर के लिए ही सही, आराम देने के लिए मनोरंजन अस्तित्व में आया। इसके साथ ही भारत की संस्कृति का हिस्सा बन गया। अब यह बहुत बड़े कारोबार के रूप में फैल चुका है। फिल्म, धारावाहिक, ओटीटी सीक्रेंसेस और न जाने किन-किन रूपों में वह लोगों का मनोरंजन कर रहा है। आज की दुनिया के 7-8 सौ करोड़ लोगों में से शायद ही कुछ बचे हों जो मनोरंजन जगत् से अछूते रह गए हों। वे अपवाद ही कहे जाएंगे। अन्यथा यह कारोबार अपनी गहरी पैठ जनमानस में बना चुका है और लोगों के जीवन पर प्रभाव भी डाल रहा हैं। लोकभावना को आहत होने से बचाने का वक्त इस मनोरंजन का लोग लाभ उठाते हैं। लेकिन कुछ नकारात्मक शक्तिया इसका दुरुपयोग कर रही हैं। इस माध्यम से जानबूझकर लोगों के मन में किसी व्यक्ति, धर्म संस्था के प्रति अनास्था उत्पन्न कर रहे हैं तो कुछ पैसा कमाने के चक्कर में संस्कृति, सभ्यता, धर्म व समाज पर पड़ रहे गलत प्रभावों को भी नजरअन्दाज कर रहे हैं। ऐसे में समाज में यह मांग उठने लगी है एक ऐसी निगरानी व्यवस्था बने जो ऐसे दृश्यों, संवादों और कथालेखों की समीक्षा करें, जिससे समाज की महिमा-गरिमा बनी रहे और लोकभावना को आहत होने से बचाया जा सके।

धर्म-शोधन-सेवालय (धर्म सेन्सर बोर्ड) का स्वरूप -

संरक्षक - परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्द: सरस्वती महाराज 1008

01. प्रमुख - सुरेश मनचन्दा जी (मीडिया अनुभवी)

सदस्यगण -

02. डॉ पी.एन. मिश्र जी (वरिष्ठ अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)
03. स्वामी चक्रपाणि जी महाराज (सनातन धर्म के प्रखर प्रवक्ता)
04. डॉ नीरजा माधव जी (वरिष्ठ साहित्यकार व संस्कृति ज्ञाता)
05. मानसी पाण्डेय (अभिनेत्री)
06. तरुण राठी जी (उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद)
07. कैप्टन अरविन्द सिंह भदौरिया जी (सामाजिक विषयों के विशेषज्ञ)
08. प्रीति शुक्ला जी (संस्कृत संस्कृति मर्मज्ञ)
09. डॉ. गार्गी पण्डित जी (सनातन धर्म विशेषज्ञ)
10. डॉ. धर्मवीर जी (इतिहास पुरातात्विक व पूर्व निदेशक आर्कोलॉजिकल सर्वे ऑफइंडिया)

ऐसा होगा धर्म सेंसर बोर्ड का कार्य -



धर्म सेंसर बोर्ड फिल्मों व टीवी सीरियल्स में अश्लीलता, जिसमें भारतीय संस्कृति की बात होती है के साथ-साथ धर्म के नाम पर दिखाए जा रहे पात्रों, उनके डायलॉग डिलीवरी, रंग, तिलक और सिक्रेन्स की भी समीक्षा करेगा व किसी भी तरह से हिन्दू धर्म, वेदों और पुराणों की बात को तोड़ मरोड़ कर दिखाए जाने पर कार्यवाही करेगा। धर्म सेंसर बोर्ड सनातन धर्म का किसी भी रूप में अगर मजाक उड़ाया जाता है, गलत तरीके से पेश किया जाता है तो कार्यवाही करेगा।

गलत पर होगी कार्यवाही -

धर्म सेंसर बोर्ड अगर किसी तरह से फिल्मों, धारावाहिकों और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर गलत मन्त्रोचार किए जाते हैं तो कार्यवाही करेगा। धर्म सेंसर बोर्ड में 10 सदस्य हैं, जो श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिर्मठ महाराज जी को हिन्दू धर्म की गरिमा रक्षा के सम्बन्ध में परामर्श देंगे। इसके बाद क्या करना है। इसके लिए महाराज का निर्णय सर्वमान्य होगा।

स्कूल में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम, नाटक की भी समीक्षा -

धर्म सेंसर बोर्ड केवल सिनेमा, टीवी, धारावाहिक आदि चलचित्रों की समीक्षा नहीं करेगा। बल्कि यह तो स्कूल में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम, नाटक यहाँ तक विविध धार्मिक लीलाओं के मंचनों की समीक्षा करेगा। देश के संत समाज धार्मिक संस्थानों, धार्मिक पुस्तकों धर्म पर दिए जाने वाले वक्तव्य व भाषणों पर निगरानी रखेगा और उनकी भी समीक्षा करेगा। देश को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए सनातन हिंदू धर्म की रक्षा सर्वोपरि होगी क्योंकि बिना सनातन धर्म, संस्कृति और हिंदू धर्म के भारत राष्ट्र की बात करना बेमानी और छलावा है।

भारत फिर बनेगा विश्व गुरु -

इसलिए वैदिक संस्कृति व आदि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। देश की वर्तमान युवा और बाल पीढ़ियों के लोग पश्चिमी देशों की संस्कृति को अपना रहे, जिसके परिणामस्वरूप देश में घटते परिवार और पारिवारिक मूल्यों का हनन कर रहे हैं। 9 साल से ऊपर की आयु के बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है। युवा पीढ़ी अवसादग्रस्त हो रही है। इस बारे में भी संज्ञान लेकर कार्य करेगा।

धर्म सेंसर बोर्ड का कार्य केवल फिल्म और टीवी सीरियल में धर्म के प्रति संवेदना का ख्याल रखने तक सीमित नहीं होगा। बल्कि जहां भी धर्म को नुकसान पहुँचाने की कोशिश होगी। यह बोर्ड अपना काम स्वतंत्र रूप से करेगा। भारतीय कानून की मर्यादाओं का पालन करते हुए उचित कार्यवाही होगी।

15 जनवरी को होगा कार्यालय का उद्घाटन -

धर्म शोधन सेवालय (धर्म सेंसर बोर्ड) का केंद्रीय कार्यालय दिल्ली एनसीआर और देश के सभी प्रदेशों में होगा। दिल्ली के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन आगामी 15 जनवरी 2023 को संपन्न होगा, जिसकी सूचना जल्द दी जाएगी। वही, 19 जनवरी 2023 को प्रयाग माघ मेले में गाइडलाइन जारी होगी। हर साल माघ के महीने में सनातन धर्मियों का बहुत बड़ा सम्मेलन (मेला) प्रयाग में होता है। उसी प्रयाग मेले में संतों, आचार्यों के द्वारा धर्म शोधन सेवालय (धर्म सेंसर बोर्ड) द्वारा फिल्म निर्माताओं के लिए गाइडलाइन जारी की जाएगी।

दिल्ली प्रदेश के 11 जिलों में 11 धर्मासद नियुक्त -

परमधर्मसंसद् 1008 की गतिविधियों को गति देने व धर्म शोधन सेवालय (धर्म सेंसर बोर्ड) आदि की सहायता को देश के हर जिले में कार्यालय खोले जाएंगे। मानद सहयोगियों की नियुक्ति की जाएगी, जिसके तहत दिल्ली प्रदेश के सभी 11 जिलों में 11 धर्मासदों की नियुक्ति घोषित की जाती है। जिनके नाम क्षेत्र यहां नीचे हैं।

01. दिल्ली उत्तर जिला से कमल कांत शर्मा
02. केंद्रीय जिले से आशीष तिवारी
03. दक्षिण जिले से नीमा धींगरा
04. नई दिल्ली जिले से सुरेश मनचंदा
05. दक्षिण पश्चिम जिले से सोमेश अग्रवाल
06. पश्चिम जिले से पंकज पांडे
07. उत्तर पूर्व जिले से दीपक मेहरा
08. पूर्व जिले से राकेश जैन
09. उत्तर पश्चिम से राजीव निर्माण
10. दक्षिण पूर्व से वीरेंद्र सिंह विधूडी
11. शाहदरा जिले से अरविंद भारद्वाज

धर्म शोधन सेवालय केवल कार्यवाही ही नहीं, मांगे जाने पर सहयोग भी करेगा -

धर्म शोधन सेवालय (धर्म सेंसर बोर्ड) केवल गलत दृश्यों, संवादों, कथानकों के ऊपर कार्यवाही ही नहीं, बल्कि निर्माताओं द्वारा मांगे जाने पर उनका अकादमिक बौद्धिक सहयोग करेगा। यही नहीं सेवालय की गाइडलाइन मानने पर उनके पक्ष में खड़ा भी होगा। समयानुसार उचित कानून के अंतर्गत पंजीकृत होकर सरकार द्वारा स्थापित सेंसर बोर्ड को भी मांगे जाने पर सहयोग करेगा यद्यपि यह अपनी अस्मिता स्वतन्त्र बनाए रहेगा।

इस अवसर पर शंकराचार्य जनकल्याण न्यास के प्रमुख चन्द्रप्रकाश उपाध्याय, ब्रह्मचारी रामानंद जी, केशवानंद, हृदयानंद , कृष्णा प्रसार सहित प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार गण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती के मीडिया प्रभारी डाक्टर शैलेन्द्र योगी उर्फयोगीराज सरकार ने दी है।

## !!! वास्तु यात्रा !!!

### कैंसर एवं आपका वास्तु

वर्तमान में बन रहे घरों की बनावट पुराने जमाने की तरह आयताकार न होकर अनियमित आकार की हो रही है, जिसमें घर का कोई कोना दबा दिया जाता है या कोई कोना बाहर निकाल दिया जाता है। घर का कोई भाग ऊँचा तो कोई नीचा बनाया जाता है। ऐसी अनियमित बनावट के कारण घर में सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जा के बीच असंतुलन पैदा हो जाता है। निवास स्थल की इस ऊर्जा-विन्यास में असंतुलन भी उस घर के सदस्यों में कैसर जैसी गम्भीर बीमारियों का एक कारण बन रहा हैं। वास्तु का रोगों से अभिन्न सम्बन्ध है। घरों के वास्तुनुकूल निर्माण न होने के कारण ही कैंसर ने महामारी का रूप ले लिया है। जिन घरों में किसी भी प्रकार के कैंसर के मरीज हैं, उनके घर में दो या दो से अधिक गम्भीर वास्तुदोष अवश्य होते हैं, जिसमें से एक वास्तुदोष ईशान कोण वाले भाग में अवश्य होता है, जैसे - घर का ईशान कोण गोल होना, कटा हुआ होना, दबा हुआ होना या जरूरत से ज्यादा ईशान कोण का बढ़ा हुआ होना (बार-चार्ट पर) या घर की अन्य दिशाओं की तुलना में ईशान कोण का ऊँचा होना इत्यादि जबकि ईशान कोण 90 डिग्री में होना चाहिए और इस भाग का फर्श घर के बाकी फर्श के समान समतल या उससे नीचा होना चाहिए। शरीर के किस भाग में कैंसर है या हो सकता है, यह निर्भर करता है घर के दूसरे वास्तुदोष पर जो कि, घर की दक्षिण, पश्चिम दिशा या आग्नेय, वायव्य और नैऋत्य कोण में ही कहीं होता है कैंसर से सम्बंधित कुछ घातक वास्तु दोष इस प्रकार हो सकते हैं- वायव्य, उत्तर, ईशान व पूर्व दिशा का ऊँचा होना एवं आग्नेय, दक्षिण, नैऋत्य, पश्चिम में भूमिगत पानी का स्त्रोत होना या नीचा होना या बढ़ा हुआ होना। दक्षिण या दक्षिण नैऋत्य में भूमिगत पानी का स्त्रोत होना या किसी भी प्रकार से नीचा या बढ़ा हुआ होने पर होता है।

शैलेश उपाध्याय
एस्ट्रो-वास्तु एक्सपर्ट

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का बकाया गन्ना भुगतान हेतु धरना जारी

संवाददाता



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गन्ना विकास समिति गोला गोकर्णनाथ खीरी में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का धरना 2 जनवरी से चल रहा है। लेकिन बकाया गन्ना भुगतान कैसे होगा किसानों का कृषि कार्य कैसे चलेगा इसका जवाब चीनी मिल प्रशासन के पास नहीं है। चीनी मिल को सिर्फ उधार गन्ने की जरूरत है जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कहा 2 दिन रामचरित मानस पाठ के क्रम में व्रत रहने पर थोड़ा स्वास्थ्य खराब हो गया था इस समय भीषण ठंड पड़ रही है। मैं शांति पूर्वक प्रदर्शन कर रहा हूं। लेकिन जब तक बकाया गन्ना भुगतान नहीं होता है। अनिश्चितकालीन प्रदर्शन जारी रहेगा क्या गन्ना मूल्य घोषित करने में भी सरकार के पास से पैसा खर्च होगा उत्तर प्रदेश सरकार आखिर गन्ना मूल्य घोषित करने में विलंब क्यों कर रही है। इसी क्रम में धरने पर गन्ना किसानों के समर्थन में गन्ना विकास समिति चेयरमैन सुरेश चंद्र वर्मा पूर्व चेयरमैन एवं संचालक आशीष कुमार सिंह जिला पंचायत सदस्य खूबचंद गौतम कपिल है बाल गोविंद वर्मा दुलीचंद वर्मा श्रवण कुमार यादव राजीव कुलदीप कुमार मिश्रा लाल बिहारी गौतम विनोद कुमार वर्मा विपिन कुमार विपिन कुमार राजाराम वर्मा अवधेश कुमार वर्मा राजेंद्र प्रसाद वर्मा अशोक कुमार दीक्षित रमेश कुमार तिवारी तेजराम वर्मा अनिल कुमार अवस्थी शंकरलाल वर्मा आदि किसानों ने धरने पर बैठकर समर्थन दिया आंदोलन लंबा चलने के कारण किसानों का आना जाना लगातार बना रहता है।

# स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष में युवा मोर्चा के प्रत्येक जनपद में मैराथन का किया गया आयोजन

संवाददाता, फर्रुखाबाद। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में पूरे भारत में युवा मोर्चा के प्रत्येक जनपद में मैराथन का आयोजन किया गया। उसी के निमित फर्रुखाबाद जनपद में टाउन हॉल से सुबह 9. 00 बजे 5 किलोमीटर की मैराथन दौड़ आवास विकास भाजपा कार्यालय तक की गई। इसमें फर्रुखाबाद जनपद के 400 से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया एवं जो प्रतिभागी प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थानों पर रहें।उन सभी को पुरस्कृत किया गया।सत्यम कटियार जिला मीडिया प्रभारी भाजयुमो ने बताया कि युवाओं में प्रथम स्थान पर नीरज दीक्षित की टीम के योगेश कुमार पुत्र छोटे लाल को 5100 रुपए की राशि से पुरुस्कृत किया गया। द्वितीय स्थान पर आनंद भारद्वाज पुत्र श्री जयप्रकाश को 2100 रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया। एवं तृतीय स्थान पर अजय करौली पुत्र श्री अरुण सिंह को 1100 रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया। युवतियों में प्रथम




स्थान स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद की रितु पांडे पुत्री अवनीश कुमार को 5100 रुपए की धनराशि से पुरस्कृत किया गया। द्वितीय स्थान पर मोहिनी ठाकुर पुत्री श्री करण सिंह को 2100 की धनराशि से पुरस्कृत किया गया एवं तृतीय स्थान पर ईशु शाक्य पुत्री ज्ञानेंद्र सिंह को 1100 रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया। मंच पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मयंक बुंदेला, जिला महामंत्री अभय प्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक पल्लव सोमवंशी , स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज, कनोडिया कॉलेज के अध्यापक मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष भाजयुमो मयंक बुंदेला ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए बताया। कि विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी जी के पिता का नाम विश्वनाथ दत्त और माता जी का नाम भुनेश्वरी देवी था। स्वामी जी के पिता कोलकाता के उच्च न्यायलय में वकील कार्यरत थे।

# विद्या भारती में मनाई गई स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती

संवाददाता



लखीमपुर खीरी। विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज यू.पी.बोर्ड लखीमपुर खीरी में स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती का कार्यक्रम मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सर्वेन्द्र कुमार अवस्थी ने बताया कि सकारात्मक एवं नकारात्मक शक्तियां सर्वत्र दृश्य और अदृश्य रूप में निरन्तर अपने संवर्धन एवं संरक्षण के लिए सतत क्रियाशील रहती हैं। 12 जनवरी 1863 को एक शक्तिपुंज जिसे अदृश्य संसार को जानने की उत्कट जिज्ञासा थी जिसके लिए तपस्वियों, मनीषियों तथा धर्मनुरागियों एवं विद्वानों से क्या आपने ईश्वर को देखा है। की खोज में भटक रहा था। इसी प्रकार यौगिक एवं आध्यात्मिक शक्तिस्रोत रामकृष्ण परमहंस को उस शक्तिपुंज की खोज थी जिसे अपना सर्वस्व देकर राष्ट्र, समाज एवं व्यक्ति के कल्याण हेतु अपना उत्तराधिकारी घोषित करना था। संयोगवश वह शक्तिपुंज नरेन्द्र के रूप में विवेकानन्द बनकर उस युग में जब भारत गुलाम था के आध्यात्मिक गौरव को विश्वपटल पर प्रस्तुत कर भारत का गौरव स्वीकार करने पर विवश किया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य लालजी प्रसाद अवस्थी नें एक सुन्दर गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह नें बताया कि नरेन्द्र के दादा जी नें 25 वर्ष की आयु में सन्यास ले लिया था वही संस्कार और प्रेरणा नरेन्द्र के अन्दर पनप रही थी जो दृढ़ इच्छा शक्ति से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। प्रधानाचार्य जी नें बताया कि स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती को प्रत्येक वर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। आचार्य प्रमोद कुमार मिश्र नें कार्यक्रम का संचालन किया। इस युवा दिवस के अवसर पर विद्यालय में सूर्य नमस्कार महायज्ञ का आयोजन भी किया गया जिसमें विद्यालय के आचार्य बन्धु, कर्मचारी एवं छात्र भैया भी उपस्थित रहे।

# थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 01 नफर अभियुक्त दीपक कुमार गिरफ्तार किया गया

संवाददाता




लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना फूलबेहड पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 11/2023 धारा 2(ख)(1)/3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त दीपक कुमार उर्फ दीप कुमार उर्फ दीपू पुत्र शत्रुहननिवासी ग्राम दुधवा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को टेढ्ुई मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

# अवैध शस्त्र सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता




सीतापुर। पुलिस अधीक्षक श्री घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में थाना खैराबाद व कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों को 02 अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत् है-

1.थाना खैराबाद पुलिस टीम द्वारा अवैध तंमचा/कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार- थाना खैराबाद पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त यासीन पुत्र फैजल खान ग्राम जमीयत पुर थाना खैराबाद सीतापुर को 01 अदद तंमचा मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 16/23 धारा 25(1-) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है। 2.थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा अवैध तंमचा/कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार- थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त रोहित पुत्र रमेश निवासी रमपुरवा थाना नैपालापुर थाना कोतवाली देहात सीतापुर को 01 अदद तंमचा मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 12/23 धारा 25(1-) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

# सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना हैं : इं.विजय रस्तोगी

## संगठन के संस्कार सेवा करके सामाजिक संरचना का विस्तार करना हैं : इं. विजय रस्तोगी

संवाददाता, रायबरेली । ठंड शुरू होने के साथ ही लगातार इं. विजय रस्तोगी के द्वारा कंबल वितरित किए जाने का काम चल रहा है जोकि आज भी जारी रहा । आज क्षेत्र के सोनिया नगर ,सरस्वती नगर और धमशिराय का पुरवा में कंबल वितरित किया गया। इं. विजय रस्तोगी ने कहा कि कंबल वितरित किए जाने का काम जब तक ठंड है तब तक चलता रहेगा क्योंकि भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र सेवा से ही शुरू होता है । संगठन के संस्कारों ने समाज के सभी वर्गों को एकजुट करके सामाजिक संरचना का विस्तार करना बताया है । उसी मार्ग का अनुसरण करते हुए कंबल वितरित करके सेवा का कार्य किया जा रहा है जो लगातार विभिन्न रूपों में चलता रहेगा।



# युवा मंगल दल ने विवेकानंद जयंती का किया आयोजन

संवाददाता



रायबरेली। शहर के रेती खुर्द के सचिवालय मे युवा मंगल दल के अध्यक्ष बृजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा विवेकानंद जयंती आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें सभी खिलाड़ियों ने विवेकानंद पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की । क्षेत्रीय युवा जन कल्याण अधिकारी अंजू यादव विकासखंड सतांव के रेती खुर्द मे आज राष्ट्रीय युवा जन कल्याण का आयोजन किया गया । जिसमें युवा मंगल दल के प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी राजकिशोर द्वारा सभी सदस्यों के साथ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। क्षेत्रीय जिला युवा कल्याण अधिकारी मंजू यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती इसलिए बनाई जाती है क्योंकि युवाओं को आगे बढ़ने का उपदेश दिया था।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को विवेकानंद की इस जयंती पर सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलाई और यह भी कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि उठो जागो और आगे बढ़ो । इसी तरह युवाओं ने उनके आदर्शो का पालन किया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया गया । इस मौके पर युवा मंगल दल के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ,सुरेंद्र यादव ,सदन तिवारी द्वारा आए हुए खिलाड़ी सचिन ,ज्योति, शिवानी, कल्पना, दीपक, जगन्नाथ, रिवम , रोहित , राज कुमार, अंकित , हिमांशु , अरुण ,सचिन ,दिलीप, सत्यम, शिवानी, अंजली, काजल, प्रतिमा, सहित भारी संख्या में खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# सोमवार को मनाया जायेगा 'एकीकृत निक्षय दिवस'



संवाददाता, फर्रुखाबाद। जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने की दिशा में विविध प्रयास किए जा रहे हैं । इसी क्रम में हर माह की 15 तारीख को निक्षय दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है । इस बार 15 तारीख को रविवार अवकाश होने की वजह से सोमवार को 'एकीकृत निक्षय दिवस' मनाया जाएगा । इस दिवस पर इस बार से नई पहल शुरू की गई है । इस दिन टीबी रोगियों के साथ फ इलेरिया, कुष्ठ और काला जार से ग्रसित रोगियों को चिन्हित कर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जायेंगी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ अवनीन्द्र कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सिविल अस्पताल लिंजीगंज और डॉ राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में एकीकृत निक्षय दिवस पर निक्षय गतिविधियों के साथ कुष्ठ, फाइलेरिया और कालाजार उन्मूलन गतिविधियों पर जोर दिया जाएगा ।

# खीरी में बरखेड़ा मिल की तर्ज पर हो गन्ना भुगतान

- ❑ गोला में बजाज की संपत्ति नीलामी में किसानों को मिले मौका
- ❑ राकिशसं ने डीएम को दिया ज्ञापन,डीएम कक्ष के बाहर ज्ञापन के साथ पटेल श्री कृष्ण वर्मा और अन्य

संवाददाता




लखीमपुर खीरी। किसान शक्ति वेलफे यर एसोसिएशन रजिस्टर्ड से संबद्ध राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को ज्ञापन देकर पीलीभीत जिले में बजाज ग्रुप की बरखेड़ा चीनी मिल की तर्ज पर जिले की बजाज चीनी मिलो से गन्ना भुगतान का समझौता करवा कर भुगतान कराने और गोला में बजाज की संपत्ति नीलामी में गन्ना किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि 11 जनवरी 2023 को बरखेड़ा चीनी मिल में एसडीएम बीसलपुर और जिला गन्ना अधिकारी की मौजूदगी में किसान प्रतिनिधियों और चीनी मिल अधिकारियों के बीच लिखित समझौता हुआ है जिसमें पिछले पेराई सत्र की बकाया धन राशि में से 15 करोड़ रुपए का तत्काल भुगतान किया गया। 15 करोड़ रुपए का भुगतान तीन दिन में करने और 7 फरवरी 2023 तक संपूर्ण भुगतान कर 8 फरवरी से नवीन पेराई सत्र का भुगतान शुरू करने का लिखित समझौता हुआ है। ज्ञापन के साथ बरखेड़ा में हुए समझौते की प्रतिलिपि संलग्न कर लिखा गया है कि बरखेड़ा मिल की तरह समझौता बजाज ग्रुप की जिले में स्थित गोला गोकर्णनाथ , खंभारखेड़ा और पलिया कलां में ज्ञापन दाता पटेल श्री कृष्ण वर्मा की मौजूदगी में करवाकर गन्ना भुगतान करवाया जाये । ज्ञापन में मांग की गई है कि एसडीएम और तहसीलदार गोला द्वारा 31 जनवरी 2023 को बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड गोला की चल अचल संपत्ति नीलामी में उन गन्ना किसानों को भाग लेने का मौका दिया जाए जिनके गन्ने का बकाया बजाज चीनी मिल पर है उनकी बकाया धनराशि को ही सिक्योरिटी राशि और नीलामी की राशि मानकर नीलामी में किसानों के नाम नीलामी छूटने पर किसान के नाम संपत्ति अवमुक्त की जाए। इस अवसर पर अरुण कुमार, सतेंद्र कुमार, अनुराग मिश्रा, शिव कुमार वर्मा, भानु शुक्ला एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रधानमंत्री आवास की किस्त पर प्रधान के प्रतिनिधि ने लाभार्थी से मांगे रुपए , रुपए न देने पर दूसरी किस्त न आने की कही बात

संवाददाता, फर्रुखाबाद । प्रधानमंत्री आवास की किस्त पर प्रधान के प्रतिनिधि ने रुपए मांगे। रुपए ना देने पर दूसरी किस्त ना आने की बात कही। लाभार्थी के पति ने विकास खंड अधिकारी से शिकायत की। शमशाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत सुल्तानगंज खरेटा के मजरा नगला गढ़ी निवासी रामनरेश ने ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर विकास खंड अधिकारी शमीम अशरफसे शिकायत कर कहा कि उनकी पत्नी के नाम प्रधानमंत्री आवास की प्रथम किस्त आ गई है। प्रधान के प्रतिनिधि ने उनसे 20000 रुपए की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रुपए नहीं दिए तो दूसरी किस्त नहीं आएगी । विकास खंड अधिकारी ने बताया कि शिकायत मिली है। किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा कोई रुपया नहीं मांगा गया है। कोई भी लाभार्थी किसी को भी रुपया ना दें । इसमें प्रधानों का कोई रोल नहीं है । केवल सचिव ही पात्रता की जांच कर जो रिपोर्ट देते हैं उसी पर रुपया भेजा जाता है। अगर कोई सरकारी कर्मचारी रुपए की मांग कर रहा हो तो लिखित रूप से मुझे शिकायत करें।

## अनियंत्रित बाइक सवार पानी भरे खड्ड में गिरे, एक की हालत गम्भीर

संवाददाता, फर्रुखाबाद । अनियंत्रित बाइक सवार पानी से भरे खड्ड में गिरने से एक की हालत गंभीर बनी हुई है।उसकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमसाबाद से लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। घायल बाइक सबार नसे में धुत बताये गए ।जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छोटी अमलैया निवासी मुकेश कुमार पुत्र नंदराम जाटव तथा अरविंद कुमार पुत्र अभिलाष चंद्र उस वक्त बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए जब दोनों बाइक सवार अनियंत्रित गति से बाइक दौड़ा रहे थे । अचानक बाइक असंतुलित होने के कारण पानी से भरे गड्ढे में जा गिरी । जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि बुधवार की शाम 5 बजे के करीब बाइक सवार ढाई घाट शमशाबाद गए थे। जहां से पुनः वापस शमशाबाद आ रहे थे। ढाई घाट शमसा बाद मार्ग पर गुजरते समय अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और घिसटते हुए एक खड्ड में जा गिरी। बताया गया कि खड्ड में पानी भरा हुआ था जिसमें बाइक सवारों के गिरने से दोनों की हालत गंभीर हो गई । घटना की सूचना पर आसपास लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ में कुछ लोगों ने सूचना डायल 112 नंबर पर कल कर शमसा बाद थाना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची शमसा बाद थाना पुलिस ने गंभीर रूप से घायल बाइक सवारों को अपने निजी वाहन के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमसाबाद में भर्ती कराया। जहां अरविंद की हालत गंभीर बताई गई।

## धोखाधड़ी कर आरोपी ने बैंक से निकाले रुपए

संवाददाता, फर्रुखाबाद । धोखाधड़ी के तहत रोशनाबाद बैंक से आरोपी ने 5000 रुपए बताकर 30000 निकाल लिए। जांच पड़ताल के दौरान खुलासा होने पर पीड़ित ने धोखाधड़ी के आरोपी के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ।जानकारी के अनुसार शमसाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नरुआ नगला निवासी रामेश्वर पुत्र गोविंद ने ग्राम अजीराबाद निवासी कल्याण पुत्र रामेश्वर दयाल के खिलाफ शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि शमसाबाद थाना क्षेत्र के ही ग्राम रोशनाबाद स्थित बैंक जिसमें आरोपी द्वारा उसका किसान क्रेडिट कार्ड बनवाया गया था । आवश्यकता के अनुरूप 10 जनवरी को जब पीड़ित बैंक से रुपयों की निकासी करने गया तो आरोपी वही मिल गया। आरोप है कि आरोपी ने क्रेडिट कार्ड पर अंगूठा लगवा कर बैंक से 30,000 की नकदी निकाल ली । आरोप है कि इससे पूर्व में भी आरोपी द्वारा धोखाधड़ी के तहत रुपयों की निकासी की गई। पीड़ित के अनुसार उसके पास 3 बीघा खेत है। जिसमें आलू की फसल है। उसी खेत पर किसान क्रेडिट कार्ड आरोपी द्वारा बनवाया गया था। पीड़ित के अनुसार आरोपी द्वारा 30000 की निकासी की गई, जबकि उसको मात्र 5000 बताकर ?5000 ही दिए गए। पीड़ित ने धोखाधड़ी के आरोपी कल्याण पुत्र रामेश्वर दयाल के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## एंबुलेंस चालक अपनी गाड़ी लेकर हुए रफूचक्कर

संवाददाता, फर्रुखाबाद । जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच करने के लिए डाले गए छापे के दौरान अधिकांश ड्राइवर एंबुलेंस लेकर गायब हो गए। एक दर्जन एंबुलेंस की जांच पड़ताल में 11 गाड़ी अमानक पाई गई। एंबुलेंसों पर जुर्माना लगाकर ब्लैक लिस्टेड किया गया। अमानक एंबुलेंसों से मरीजों को जान का खतरा रहता है। पुलिस एंबुलेंस की चेकिंग नहीं करती है। जिसके कारण अमानक एंबुलेंस धड़ल्ले से चलाई जा रही हैं। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत, यातायात प्रभारी रजनेश कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रतिनिधि डॉ दीपक कटारिया की टीम ने नगर में चिकित्सालयों पर एंबुलेंस की जांच की गई। चेकिंग की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल के बाहर अक्सर खड़ी रहने वाली सभी एंबुलेंस को लेकर ड्राइवर फरार हो गये। इन एंबुलेंसों को आवास विकास कॉलोनी एवं अन्य स्थानों पर छुपाया गया। सक्रिय टीम ने आवास विकास कॉलोनी के अंदर जाकर भी एंबुलेंस को ढूंढ कर जांच की। टीम ने आवास विकास के चिकित्सालयों एवं मसेनी क्षेत्र के चिकित्सालयो पर जाकर एंबुलेंस की जांच की। परिवहन विभाग की जांच पड़ताल में 9 एंबुलेंस के प्रपत्रों में कमी पाई गई । जिनका चालान किया गया तथा देढ लाख जुर्माना लगाया गया।

## भारत में चोरी कर नेपाल में बेचते थे बाइक, नंबर प्लेट बदलकर देते थे धोखा

संवाददाता, बाराबंकी। फतेहपुर पुलिस ने आटो लिफ्टर के अंतरजनपदीय गिरोह का राजफाश किया है। सरगना सहित चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी की एक दर्जन बाइक बरामद की हैं। इसमें से आठ बाराबंकी जिले से चोरी होने की पुष्टि हो गई है। यह गिरोह भीड़भाड़ वाले स्थानों से मास्टर की से बाइक चोरी कर नेपाल व बहराइच में बेचता है। न्यायालय में पेश किए गए आरोपितों को जेल भेजा गया है। एएसपी उत्तरी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि सीओ फतेहपुर रघुवीर सिंह के निगरानी में फतेहपुर पुलिस ने आटो लिफ्टर गिरोह को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों में मसौली थाना के ग्राम जलूहामऊ मजरा पतीहा पुरवा का लालजी यादव, बहराइच के हरदी थाना के ग्राम अहिरनपुरवा गांव के सूरज यादव, टेपरा मसही का वासुदेव और बदोसराय थाना व कस्बा का ओम प्रकाश शामिल है। लालजी यादव इस गिरोह का सरगना है, सभी को पुलिस ने को रामनगर रोड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 11 बाइक सहित तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

## निरीक्षण के दौरान पंचायत में कमियां मिलने पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने जताई नाराजगी

संवाददाता, महोबा। जिला पंचायत अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत पुरवा जैतपुर का औचक निरीक्षण किया गया द्य पंचायत में मिली कमियों से भड़के जिला पंचायत अधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैद्यविकास खण्ड जैतपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरवा जैतपुर का औचक निरीक्षण कर उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों पंचायत सचिवालय व सामुदायिक शौचालय, संचालन कार्य को मौके पर जाकर देखा द्य निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिवालय में रोस्टर लिखा न पाए जाने से जिला पंचायत राज अधिकारी ने सख्त निर्देश दिए देते हुए दो दिवस के अंदर सभी का रोस्टर पंचायत सचिवालय में दीवार पर लिखवाने को कहा गया ।

# समस्याएं लंबित रहने से शिक्षणेत्तर कर्मी खफा

- ❑ माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी
- ❑ जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा 4 सूत्रीय ज्ञापन



संवाददाता

औरैया। जिले के शिक्षकों कर्मचारियों की समस्याएं लंबित रहने से माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने नाराजगी जताई है स जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्याओं का समाधान ना होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है जला विद्यालय निरीक्षक और वित्त एवं लेखा अधिकारी की मनमानी के चलते जिले के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की कई समस्याएं लंबित हैंस बिना किसी कारण के कई विद्यालयों का वेतन भी जिला विद्यालय निरीक्षक और लेखा अधिकारी ने रोक दिया हैस लेखाधिकारी ना तो कभी कार्यालय बैठते हैं और ना ही शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याएं हल कराने में रुचि दिखाते हैं इस संबंध में पूर्व में भी माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक और डीएम को ज्ञापन सौंपा जा चुका है मगर कोई कार्यवाही नहीं हो सकी स बुधवार को माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला, जिला अध्यक्ष विमलेश कुमार यादव, जिला मंत्री उमेश कुमार त्रिपाठी और जिला कोषाध्यक्ष लोकेंद्र कठेरिया जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ज्ञापन सौंपास जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रभारी जिला विद्यालय राजकीय कालेज के प्रधानाचार्य कमलेश पांडे को ज्ञापन सौंपा गयास माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से दिए गए ज्ञापन में जल्द समस्याओं का समाधान ना कराने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी गई है स ज्ञापन में बताया गया है कि पूर्व में हल कराए गए एसीपी के स्वीकृत किए जाने के बाद से सेवा पंजिका में वित्त एवं लेखा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक के अभी तक नहीं हो सके हैं स इसके अलावा एनपीएस कटौती की धनराशि शिक्षकों और कर्मचारियों के खाते में प्रदर्शित नहीं हो रही हैस इस और भी अधिकारियों की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा हैस देहाती इंटर कॉलेज के पदोन्नति के प्रकरण में जानबूझकर अनदेखी की जा रही है सअगर जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तो माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा और उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगीस जिला विद्यालय निरीक्षक और लेखा अधिकारी की मनमानी कार्यशैली को लेकर एक बार फिर माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के पदाधिकारी डीएम से मिलेंगे और पूरे प्रकरण के बारे में जानकारी देंगे।

# जयपाल रिछारिया की पुण्य स्मृति में गरीबों को बाटे गए कम्बल

## 501 कम्बलो का किया गया वितरण



संवाददाता

महोबा। जैतपुर के प्रथम प्रधान एवम स्वंत्रता सेनानी मुंशी मंटी लाल और पंडित जयपाल रिछारिया की पुण्य स्मृति में जैतपुर कस्बा की गरीब असहाय निर्धन लोगों को रामलीला सांस्कृतिक मंच की ओर से जैतपुर के झंडा बाजार में 501 कम्बल वितरण किए गए , मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी व कुलपहड़ नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा ने असहाय लोगों को कंबल वितरित किए । इस अवसर पर पिछले वर्ष हाई स्कूल की परीक्षा में जिले की टापर आशी यादव को भी मंच से सम्मानित किया गया जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने सर्दी के मौसम में कंबल वितरण कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि एसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए ।उन्होंने आयोजक कमेटी रामलीला मंच की जमकर प्रशंसा की मुख्य अतिथियों का कंबल वितरण के आयोजक इंद्रपाल रिछारिया के द्वारा शॉल उड़ाकर सम्मानित किया और उन्हें स्मृति चिन्ह दिए गए ।उन्होंने निर्धन महिलाओं के पास जाकर उन्हें कंबल दिए प इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्रा, राजेश चतुर्वेदी, अवध त्रिपाठी, डाक्टर सतीश राजपूत, कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह , चौकी प्रभारी विनोद सिंह ,रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष ब्रज भूषण गुप्ता सहित भारी संख्या में ग्रामीण व रामलीला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे रामलीला कमेटी के अध्यक्ष इंद्रपाल रिछारिया ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा जैतपुर बेलाताल जैसे 35 हजार की आबादी वाले कस्बे मे मुझ जैसी व्यक्ति के लिए 501 कंबल बहुत ही कम है और ये कंबल न के बराबर है मैं अपनी तरफ से हर वक्त यही कोशिश करूंगा की आगे भी कंबल वितरित किए जाएंगे अपने जैतपुर के निर्धन लोगों की हर संभव मदद कर सकूं जो लोग शेष कंबल के लिए रह गए है उनको भी कबल देने का प्रयास करूंगा । रामलीला कमेटी के अध्यक्ष इंद्रपाल रिछारिया ने अतिथियों ग्रामीण महिलाएं का धन्यवाद वा आभार प्रगट किया ।मंच का संचालन मलखान यादव ने किया।

# प्रियंका गांधी वाड्रा के जन्मदिवस पर कांग्रसियो ने की गौ माता की पूजा अर्चना



संवाददाता

हापुड़। हापुड़ में कांग्रेस जनों ने पार्टी की महासचिव और उत्तर प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा का 52 वां जन्मदिवस बेहद ही सादगी के साथ मनाया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने पक्का बाग स्थित गौशाला में पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया। जहां शहर अध्यक्ष सहित दर्जनों कांग्रेस जनों ने गौमाता का पूजन कर अपनी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा की लंबी आयु के लिए ईश्वर से कामना की। 'शहर अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा कि आज उनकी नेता आदरणीय प्रियंका गांधी जी का 52 वां जन्मदिवस हैं जिसके लिए समस्त कांग्रेस जन आज अपनी नेता की लंबी आयु के लिए गौशाला में एकत्रित हुए हैं। अभिषेक गोयल ने कहा हैं कि शहर में भीषण ठंड और खुले नाले के कारण कई गायों की मौतें हो चुकी हैं जिसके लिए आज कांग्रेस जनों ने गौमाता की रक्षा करने का संकल्प लिया हैं। उन्होंने कहा हैं कि बीते समय में ऐसे कई उदाहरण देखने को मिले हैं जहां कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अपनी जान की परवाह किए बिना गौमाता की जान बचाई हैं। उन्होंने कहा हैं कि कांग्रेस जन आगे भी इसी तरह से गौवंशों की जान बचाने में हर तरह से प्रतिबद्ध रहेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद जकारिया मनसबी ने कहा कि जब से प्रियंका गांधी जी कांग्रेस पार्टी से जुड़ी हैं और उन्हें पार्टी की महासचिव पद पर जिम्मेदारी सौंपी गई हैं तब से कांग्रेस पार्टी से जुड़ने वालो में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा देखी जा रही हैं।

# वन स्टाप सेंटर की ओर से महिलाओं को किया गया जागरूक



संवाददाता

महोबा। जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार जनपद महोबा के महिला जिला अस्पताल में सखी वन स्टॉप सेंटर महोबा की ओर से महिलाओं को जागरूक किया गया। वन स्टाफ सेंटर की प्रबंधक क्षमा द्वारा महिलाओं को जागरूक किया गया। उन्होंने जिला महिला अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को होने वाले उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने उनके सहायता के लिए वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चाइल्ड लाइन नंबर 1098 संचालित किए हैं। जिन पर दर्ज कराई गई शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाता है। इसके अलावा चिकित्सा सहायता को 108 व पुलिस सहायता पाने के लिए 112 नंबर डायल करने की सलाह दी। उन्होंने उक्त नंबरों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन महिला उत्पीड़न व हिसा रोकने के लिए हेल्प लाइन नंबर संचालित किए हैं। ताकि महिलाएं, बालिकाएं उत्पीड़न सहने के बजाय उसका मुकाबला कर सके और उन्हें न्याय मिले। इस मौके पर सखी वन स्टाफ सेंटर से मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता पूर्णिमा, केस वर्कर अर्चना, स्टाप नर्स संध्या परिहार मौजूद रही।

# अपना दल एस पार्टी बांदा का जिलाध्यक्ष कृष्णेंद्र पटेल बनाए गए



संवाददाता

बांदा। बांदा जिले के सारंग होटल में अपना दल एस पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यातिथि कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष सिंह पटेल (कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) सहित प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल, राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल, राष्ट्रीय महासचिव नागेंद्र सिंह पटेल, चित्रकूट धाम मंडल प्रभारी कालका प्रसाद निरंजन, प्रदेश महासचिव हरी शरण खेंगर, की उपस्थित में सर्वसम्मति से कृष्णेंद्र पटेल को अपना दल एस पार्टी का जिलाध्यक्ष पद और श्यामबाबू पटेल को जिलाउपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया, नव नियुक्त जिला अध्यक्ष कृष्णेंद्र पटेल ने अपना दल एस पार्टी के सभी सम्मानित पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित दिया, तथा उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के द्वारा मुझे जो इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गयी है ,उसे मैं पूर्ण निष्ठा , निस्वार्थ भाव से निर्वहन करूँगा , तथा अपना दल एस पार्टी की यशश्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन आदरणीय अनुप्रिया पटेल जी के विचारों , कार्यो को सर्वसमाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने का प्रयास करूँगा साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करूंगा।

# भाजपा कार्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई



संवाददाता

बांदा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय संस्कृति और दर्शन की ज्योति को प्रज्वलित करने वाले महान आध्यात्मिक गुरु और युवाओं के प्रेरड़ाश्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला महा मंत्री कल्लू राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि उनका बचपन का नाम नरेंद्र था उनके पिता विश्वनाथ उनको अंग्रेजी पढ़ाकर पाश्चात्य सभ्यता के ढंग पर चलना चाहते थे लेकिन पिता की मृत्यु के बाद वे गरीबों की सेवा में लग गए। रामकृष्ण परम हंस की प्रशंसा सुनकर नरेंद्र ने सन्यास ले लिया। इसके बाद उनका नाम विवेकानंद हुआ। जिला महामंत्री धर्मेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद को सर्वधर्म परिषद में उन्हें बोलने का समय मिला। उनका अमेरिका में भव्य स्वागत हुआ। उन्होंने अपने संदेश में कहा था कि जितना बड़ा संघर्ष होगा उतनी ही शानदार जीत होगी , उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाय । उन्होंने 4 जुलाई 1902 को अपना शरीर त्याग दिया। कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष राज कुमार राज , भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नन्ना , जिला मंत्री पंकज रैकवार , पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना , शैलेन्द्र जायसवाल , रामप्रसाद सोनी , विजय ओमर ,नगर अध्यक्ष राकेश गुप्ता , विजय ओमर , अमित साहू , आशीष , देवेंद्र सिंह , रामकृष्ण शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# यूनिसेफव सोसायटी ने किया फुलगढी का दौरा



संवाददाता, हापुड़। हापुड़ में यूनिसेफव डा एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वैलफेयर सोसाइटी के द्वारा संयुक्त रुप से मोहल्ला फूलगढी का दोरा कर बोरवेल में गिरे मासूम बच्चे के परिजनों से मुलाकात की आपको बता दें कि दिनांक 10 जनवरी 2023 को मोहल्ला फुलगढी में एक मासूम बच्चा खेलता हुआ नगर पालिका की बंद पड़ी बोरवेल में गिर गया था, जो जिला प्रशासन व एनडीआरएफ की कड़ी मेहनत से बच्चे को सकुशल बचा लिया गया था।बच्चे को बोरवेल से निकालने कै रेस्क्यू अभियान में पुलिस प्रशासन व एनडीआरएफ की टीम को भी डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा भी अपना पूर्णरूपेण सहयोग प्रदान किया गया था ।यूनिसेफके डीएमसी फिरोज खान, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन मो दानिश कुरेशी ने बच्चे माविया के परिवार से भेंट मुलाकात कर अन्य जानकारी हासिल की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# गौ वंशो की व्यवस्था को लेकर विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



संवाददाता

बांदा। भीषण ठंड को देखते हुए गोवंश को खाने पीने की एवं अलाव की व्यवस्था कराने हेतु विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा बांदा जनपद में गोवंश को लेकर भीषण ठंड को देखते हुए बांदा जिले में गौशालाओं में विभिन्न प्रकार की समस्याएं आ रही हैं जैसा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने पहले ही निर्देशित किया था कि गोवंश को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और गोवंश के रख रखाव , खान पान संबंधी समस्याओं को जल्द दूर कर व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित की जाए किंतु शासन के निर्देश को दरकिनार कर जिम्मेदार अभी भी अनदेखा कर रहे है और यह बहुत गलत बात है। इस संबंध में अगर कोई गलती या लापरवाही किसी भी जिम्मेदार द्वारा बरती जाती है तो गौ रक्षा समिति चुप नहीं रहेगी और शासन प्रशासन को अवगत करा कठोरतम कार्यवाही कराने के लिए मजबूर हो जायेगी। इस संबंध में जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि विगत दिनों गोवंश के ऊपर हुए अत्याचार जिसमे गोवंश को ट्रैक्टर से घसीटने और एक अन्य गोवंश को विस्फोटक पदार्थ खिलाने का मामला सामने आया था जिसपर अभी भी प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है इसलिए पुन: गौ रक्षा समिति इस विषय पर गहन विचार कर कार्यवाही करने की मांग करती है अन्यथा की स्थित में समित स्वयं माननीय मुख्यमंत्री जी से इसकी चर्चा करेगी और लापरवाही कर रहे अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही कराने की मांग करेगी। ठंड का माहौल है और जनपद में अभी भी कोई जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहा है, कही भी अलाव भी नही जलाए जा रहे जिसका हर्जाना बेजुबान जानवरो को भुगतना पड़ रहा है इसलिए समिति प्रशासन से यह भी मांग करती है कि जल्द से जल्द हर क्षेत्र के चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करे जिससे ठंड से आम जनमानस और बेजुबान जानवरो को राहत मिल सके। जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र द्विवेदी राम गोपाल साहू जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति नगर अध्यक्ष कुलदीप नामदेव आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## असिस्टेंट इंजी0 पद पर चयनित हुये अभिनव तिवारी

संवाददाता, महोबा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा 2022 में महोबकंठ क्षेत्र के तेईया गांव के बेटे ने ए ई के पद पर चयनित होकर महोबा जनपद का नाम रोशन किया है। अभिनव तिवारी ने पहली बार मे इस परीक्षा मे सफलता हासिल की है। उन्हें उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद विभाग में तैनाती दी जाएगी। इस सफलता पर माता-पिता और परिवार के लोगों ने अभिनव को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग मे चयन होने पर क्षेत्र के लोगों में भी खुशी है। लोगों ने सोशल मीडिया, फोन आदि माध्यमों से बधाई दी। अभिनव तिवारी के चयन से परिवार, गांव एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अभिनव तिवारी के पिता एवं क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी महावीर तिवारी पहले प्रयास में मिली इस बड़ी कामयाबी के पीछे बड़े, बुजुर्गों ,पूर्वजों व बेटे की मेहनत को श्रेय देते हैं। अभिनव तिवारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि माता-पिता, गुरुजनों और परिवारजनों के सहयोग, मार्गदर्शन, आशीर्वाद और उत्साहवर्धन से ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि मन में दृढ़ संकल्प के साथ मंजिल प्राप्त की जा सकती है।

## मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति ने मिट्टी का तेल डालकर आत्महत्या का किया प्रयास

संवाददाता, बांदा। बांदा मे मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति ने अज्ञात कारणों चलते मिट्टी के तेल डालकर खुद के ऊपर लगाई आग दरवाजा बंद कर आग लगाने से व्यक्ति गंभीर रूप से आग से झुलस गया है घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में बांदा जिला अस्पताल पहुंचाया जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया है। आपको बता दें पूरा मामला बांदा जनपद के तिंदवारी थाना क्षेत्र के लोहारी गांव से सामने आया है जहां पर 1 एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति ने अचानक अज्ञात कारणों के चलते कमरे के दरवाजे बंद कर खुद के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा लिया है जिसके बाद परिजनों ने युवक को आनन-फानन में बंद कमरे का छप्पर तोड़कर युवक को बचाया है और आनन-फानन में बांदा जिला अस्पताल में भर्ती कराया हैं, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख कानपुर हायर सेंटर इलाज के लिए रेफर कर दिया है।

## आयुष्मान कार्ड बनाने में मंडल में महोबा अव्वल

संवाददाता, महोबा। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना के तहत आष्युमान कार्ड बनाने में महोबा चित्रकूटधाम मंडल में अव्वल है। हमीरपुर दूसरे स्थान पर है। स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों का नतीजा है कि पिछले दो माह में कार्ड बनाने में तेजी आई है। नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए गांवों में कैंप भी आयोजित किए जा रहे हैं। अपर निदेशक डॉ. वीपी द्विवेदी का कहना है कि गरीब परिवारों को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान योजना चल रही है। जिला पुरुष व महिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नि:शुल्क कार्ड बनाने का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा जनसेवा केंद्रों में निर्धारित शुल्क पर कार्ड बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंडल के सभी जिलाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग को ग्राम स्तर पर रोजाना कैंप लगाकर नि:शुल्क गोल्डन कार्ड बनाने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत सीएचसी स्तर पर योजना बनाकर गांव-गांव शिविर लगाकर नि:शुल्क कार्ड बनाए जा रहे हैं।

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में दक्षिणांचल विद्युत निगम के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी

संवाददाता, बांदा। आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आरपी सिंह की अध्यक्षता में मयूर भवन सभागार में दक्षिणांचल विद्युत निगम लि0 के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आयुक्त द्वारा मण्डल के सभी विद्युत वितरण खण्डों में उपभोक्ताओं की शत्प्रतिशत बिलिंग लम्बित आरसी की वसूली, विद्युत चोरी एवं अन्य अनियमिताओं पर अंकुश लगाने के लिए कार्यवाही की समीक्षा की गयी। बैठक में आयुक्त ने मण्डल के सभी विद्युत वितरण खण्डों में उपभोक्ताओं की शत-प्रतिशत बिलिंग कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विद्युत सब स्टेशनों की बडी आरसी निकालकर तहसीलदार उप जिलाधिकारी एवं एसडीओ विद्युत की टीम बनाकर वसूली की कार्यवाही किये जाने हेतु 30 जनवरी, 2023 तक विद्युत वसूली का विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी पुलिस थानों एवं प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत वसूली एवं औचक विद्युत चोरी रोकने हेतु कार्यवाही किये जाने के समय विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा पुलिस की आवश्यकता पडने पर, उन्हें तत्काल सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने दस-दस बडे विद्युत वसूली के बकायेदारों की वसूली भी किये जाने के निर्देश दिये।

## राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर श्री जी फिलिंग स्टेशन पर दिए गए निशुल्क हेलमेट

संवाददाता, औरैया। शहर में स्थित श्रीजी फिलिंग स्टेशन पर राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर श्रीजी फि लिंग स्टेशन पर कम्पनी के विक्रीकर अधिकारी हेमंत बाजपेई एवं प्रबंधक कमलकांत वर्मा ने आए हुए सभी लोगों को निशुल्क हेलमेट वितरित किए तथा यातायात के नियमों की जानकारी दी तथा यातायात के नियमों का पालन कर अपनी एवं दूसरे वाहन चालकों के सफर को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया कहा कि वाहन चलाते समय सावधानी बरतनी चाहिए वाहन चलाते समय चालक हेलमेट लगाकर एवं चार पहिया वाहन चालक अपनी सीट बेल्ट लगाकर यातायात के नियमों का पालन करें इस दौरान पेट्रोल पंप पर आने वाले ग्राहकों को निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए ।

# अक्षय पात्र देश में सेवा का पर्याय : एडीजी राजीव कृष्ण



संवाददाता, वृन्दावन। अक्षय पात्र फाउण्डेशन द्वारा गुरूवार को वृन्दावन में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे, अपर पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कृष्ण जी ने कहा कि अक्षय पात्र आज देश में सेवा का पर्याय बना हुआ है। इसके द्वारा परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को शुद्ध, पौष्टिक, एवं उच्च गुणवत्ता युक्त गरमा-गरम भोजन उपलब्ध कराया जाता है। यह एक अद्भुत सेवा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, श्री राजीव कृष्ण जी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) शैलेश पाण्डेय जी , गोवर्धन विधायक श्री मेघश्याम जी, अक्षय पात्र के श्री अनंतवीर्य दास जी, श्री सुरेश्वर दास जी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह ने कहा कि संस्था द्वारा ब्रज में अद्वितीय सेवा के कार्य किये जा रहे हैं। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय जी ने कहा कि संस्था द्वारा की जा रही, यह एक बडी एवं निस्वार्थ सेवा है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा समाज के सभी वर्गों के लिए सेवा कार्य अनवरत चलते रहते हैं।

# इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ




एजेंसी, नयी दिल्ली। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने दिसंबर 2022 में अपने जबरदस्त प्रदर्शन के लिए अपना पहला आईसीसी प्लेयर आफद मंथ अवार्ड हासिल किया, जिसने बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम को पाकिस्तान में 3-0 से ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीतने में मदद की। ब्रुक को आईपीएल 2023 मिनी प्लेयर नीलामी के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद ने 13.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। ब्रुक पाकिस्तान में इंग्लैंड की विजयी टेस्ट वापसी के दौरान काफी हद तक अजेय थे, उन्होंने प्रत्येक मैच में शतक बनाया जिससे मेहमानों ने 3-0 से जीत दर्ज की। 23 वर्षीय बल्लेबाज ने इस सम्मान के लिए पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रेविस हेड को पीछे छोड़ा। पाकिस्तान पहुंचने से पहले सिर्फएक टेस्ट मैच खेलने के बावजूद, ब्रुक ने अपने आक्रामक स्ट्रोकप्ले और मारक क्षमता के साथ श्रृंखला में धमाल मचा दिया। ब्रूक ने कहा, दिसंबर के लिए आईसीसी प्लेयर आफद मंथ का पुरस्कार जीतना एक सम्मान की बात है। पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज को 3-0 से जीतना एक अविश्वसनीय उपलब्धि थी और इंग्लैंड के साथ मेरे पहले टेस्ट दौरे में बल्ले से योगदान करना एक सपने के सच होने जैसा था। ब्रुक ने सम्मान प्राप्त करने पर कहा, ष्मुझे अपने टीम के साथियों का शुक्रिया अदा करना है कि उन्होंने मुझे अच्छे माहौल में ढलने में मदद की। यह खेलने के लिए एक बेहतरीन टीम है, जहां हम एक-दूसरे के साथ का आनंद लेते हैं और मजे करते हैं। उम्मीद है कि हमारा फॉर्म जारी रहेगा। उन्होंने रावलपिंडी में जोरदार तरीके से श्रृंखला की शुरूआत की, पहली पारी में 19 चौके और पांच छक्के लगाते हुए 153 रनों की तूफानी पारी खेली। उन्होंने दूसरी पारी में 87 रनों की तेज पारी से सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान पर एक शानदार विजय प्राप्त की जा सके। ब्रूक ने मुल्तान में 108 और कराची में 111 रन बनाये।

# पृथ्वी शॉ ने बनाया रणजी ट्रॉफी इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर




एजेंसी, गुवाहाटी। मुंबई के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना दिया है। असम के विरुद्ध ग्रुप बी के मुकाबले में 240 के पहले दिन के स्कोर से अपनी पारी को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने 99 गेंदों पर 139 रन बनाए। वह 379 रन बनाकर पवेलियन लौटे। भाऊसाहेब निंबलकर, जिन्होंने महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए काठियावाड़ के विरुद्ध दिसंबर 1948 में 443 रन बनाए थे, अब भी रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक निजी स्कोर और सर्वाधिक प्रथम श्रेणी स्कोर बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। शॉ अब इन दोनों सूचियों में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। शॉ रणजी ट्रॉफी की एक पारी में 350 रन बनाने वाले नौवें खिलाड़ी बन गए। उन्होंने स्वप्निल गुगाले (351 नाबाद), चेतेश्वर पुजारा (352), वी वी एस लक्ष्मण (353), समित गोहेल (359 नाबाद) और संजय मांजरेकर (377) को पीछे छोड़ा। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह 400 का आंकड़ा पार कर जाएंगे लेकिन लंच से पहले के अंतिम ओवर में रियान पराग की गेंद पर वह पगबाधा हुए। शॉ ने तीन साझेदारियां निभाई और तीनों में उनका योगदान सर्वाधिक था। पहले विकेट के लिए मुशीर खान के साथ 123 रनों की साझेदारी में उन्होंने 75 रन बनाए। अरमान जाफर के साथ दूसरे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी में शॉ के बल्ले से 42 रन निकले। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ तीसरे विकेट के लिए 401 रनों की साझेदारी में उन्होंने 262 रनों का योगदान दिया। इस पारी ने शॉ के खराब फॉर्म के सिलसिले को समाप्त किया। पिछली सात रणजी ट्रॉफी पारियों में शॉ के बल्ले से केवल एक अर्धशतक निकला था लेकिन शायद इस पारी ने उन्हें भारतीय टीम का एक दावेदार बना दिया है। अब तक पांच टेस्ट, छह वनडे और एक टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके शॉ ने आखिरी बार जुलाई 2021 में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व किया था। स्पोर्टस्टार के साथ पहले दिन के अंत में एक साक्षात्कार में, शॉ ने अपेक्षाओं को प्रबंधित करने और आलोचना से निपटने की चुनौतियों के बारे में बात की थी। शॉ ने कहा, मैं समझ चुका हूं कि जब आप रन बनाते हैं तब आप बहुत अच्छा महसूस करते हैं। लेकिन जब आप रन नहीं बनाते तब लोग आपके पीछे पड़ेंगे। जब आप रन बनाते हैं तब उम्मीदें काफी रहती है, तो जब आप तीन या चार पारियों में जल्दी आउट हो जाते हैं तब लोग - यार ये है, वो है - कहने लगते हैं। उन्होंने आगे कहा, केवल आप ही जानते हैं कि क्या आप प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं, या क्या आप पहले से अधिक अनुशासित हैं, क्या आप समय पर सो रहे हैं, खेल से पहले अच्छा खा रहे हैं। वे सभी चीजें मायने रखती हैं। मैं बस उन बातों को फॉलो करने की कोशिश कर रहा हूं और कोशिश कर रहा हूं कि जितना हो सके अकेले में समय बिताऊं। मैंने बाहर के शोर को काट दिया - चाहे वह सोशल मीडिया पर हो या अन्य प्लेटफॉर्म पर।

सलामी बल्लेबाज ने आगे कहा, मैं उन चीजों से दूर रहने की कोशिश करता हूं या कभी-कभी अपने मैनेजर से सोशल-मीडिया गतिविधियों को संभालने के लिए कहता हूं। मेरे पास ब्रांड प्रतिबद्धताएं हैं, और इसलिए सोशल मीडिया से दूर रहना संभव नहीं है, और इस प्रकार, आप अंततरू देखते हैं कि क्या लिखा या बोला जा रहा है। लेकिन मैं अभी भी जितना हो सके शोर को कम करने की कोशिश कर रहा हूं। उन्होंने आगे बताया, लोग आपके बारे में बात कर रहे हैं और फिर 10 साल बाद भी वही करते रहेंगे, इसलिए आपको इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहिए, क्योंकि अगर आप लाइनों के बीच बहुत ज्यादा पढ़ना शुरू कर देंगे, तो आप खुद को प्रभावित कर रहे होंगे।

# कैमरोन नौरी ऑकलैंड एटीपी सेमीफाइनल में



एजेंसी, ऑकलैंड। कैमरोन नौरी ने यहां एएसबी क्लासिक एटीपी टूर टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-7, 6-2 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

सेंटर कोर्ट पर हुआ मैच बारिश के कारण ढाई घंटे की देरी से शुरू हुआ। दक्षिण अफ्रीका में जन्में और ऑकलैंड में बड़े हुए नौरी एटीपी टूर्नामेंट में नियमित दर्शक हुआ करते थे जिसके बाद उनका परिवार ब्रिटेन बस गया। कोर्ट पर दर्शकों ने उनका तालियों से स्वागत किया। नौरी ने कहा, ''टूर्नामेंट एक तरह से मेरे लिये दूसरे घर की तरह है। मैं यहां बड़ा हुआ हूं और यहां वापस आना अच्छा है। यहां खेलना बहुत विशेष है। मैं इस टूर्नामेंट का प्रशंसक था इसलिये इस कोर्ट पर खेलना शानदार है।'' शीर्ष वरीय कैस्पर रूड को दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा था। अब नौरी टूर्नामेंट में एकमात्र वरीय खिलाड़ी बचे हैं।

# शीर्ष गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने कहा, भारत के लिए चौथा विश्व कप खेलना मेरे लिए सम्मान की बात




एजेंसी, राउरकेला। भारत के लिए अपना चौथा विश्व कप खेलने के लिए पूरी तरह तैयार अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने कहा कि यह परिणाम है, जो किसी खिलाड़ी द्वारा विश्व कप जैसे महत्वपूर्ण आयोजन में खेलने की संख्या से अधिक मायने रखता है। श्रीजेश हालांकि स्वीकार करते हैं कि अपने चौथे विश्व कप में भाग लेना एक बड़ा सम्मान है। श्रीजेश अच्छी तरह जानते हैं कि यह हॉकी के लिए अंतिम टूर्नामेंट में भारत की किस्मत बदलने का एक शानदार अवसर है, जिसमें भारत 1975 की जीत के बाद से पोडियम पर समाप्त होने का इंतजार कर रहा है। तब शानदार अजीत पाल सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर टूर्नामेंट जीता था। ओलंपिक खेलों टोक्यो 2020 में भारत के कांस्य पदक की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्रीजेश ने कहा, अपने देश के लिए चौथा विश्व कप कप खेलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और खास बात यह है कि घरेलू सरजमीं पर यह मेरा तीसरा विश्व कप है। मुझे नहीं लगता कि किसी खिलाड़ी को इस मैदान पर तीन विश्व कप खेलने का सौभाग्य मिला है। यह उपलब्धि अपने आप में श्रीजेश को दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में शामिल करती है। उन्होंने तुरंत यह जोड़ा कि परिणाम वही होते हैं जो किसी को महान बनाते हैं। ज्यादातर समय, मैंने हमेशा महसूस किया है कि यह मायने नहीं रखता है कि आपने कितनी बार एक टूर्नामेंट खेला है, लेकिन आपने इसे जीता है या नहीं, यह मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है। इस बार भी, मेरे लिए अपना 100 प्रतिशत देना महत्वपूर्ण है। श्रीजेश ने पुरानी यादों को याद करते हुए कहा, विश्व कप में मेरा पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफथा। मुझे अभी भी याद है, टीम मीटिंग के दौरान, हमारे कोच ने कहा था कि पाकिस्तान गोलकीपर एड्रियन (डिसूजा) के लिए पूरी तरह से तैयार होकर आएगा, इसलिए उन्होंने मुझे उनके खिलाफ मैच में रखने का फैसला किया। जब उन्होंने मुझे पैड अप करने के लिए कहा, तो मौका मिलने की भावना अविश्वसनीय थी। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के खिलाफ एक खचाखच भरे घरेलू मैदान के सामने अपना पहला विश्व कप मैच खेलना एक सपने जैसा था। मैं अभी भी माहौल को महसूस कर सकता हूं, स्टेडियम कैसा था। लोगों ने कैसी प्रतिक्रिया दी और हमने उस मैच को कैसे जीता। यह मेरे लिए सबसे अच्छा पल था।

# अफगानिस्तान में महिला एथलीटों को खेलों से दूर रहने की धमकी दे रहा तालिबान

एजेंसी, काबुल। खेल के प्रति नूरा का जुनून इस कदर था कि उसने परिवार के विरोध के बावजूद बरसों इससे दूरी नहीं बनाई। मां की मार और पड़ोसियों के ताने भी उसे अपना पसंदीदा खेल खेलने से नहीं रोक सके। लेकिन, अब अफगानिस्तान की यह 20 वर्षीय महिला एथलीट मुल्क के तालिबान शासकों की नाफरमानी करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। नूरा और अफगान महिला एथलीटों के मुताबिक, तालिबान ने न सिर्फ लड़कियों और महिलाओं के किसी भी खेल गतिविधि में हिस्सा लेने पर पाबंदी लगा दी है, बल्कि उन महिलाओं और लड़कियों को लगातार धमकाया और प्रताड़ित किया गया है, जो कभी खेल क्षेत्र में सक्रिय थीं। यहां तक कि वे निजी रूप से अभ्यास करने पर भी गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। नूरा पूरी तरह से टूट गई है। वह कहती है, मैं अब पहले जैसी नहीं रह गई हूं। तालिबान के आने के बाद से मुझे लगता है कि मैं मर चुकी हूं। अफगानिस्तान में पहले अलग-अलग खेलों में सक्रिय कई लड़कियों और महिलाओं ने 'द एसोसिएटेड प्रेसश् (एपी) को पहचान गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि तालिबान उन्हें फोन करके या घर पहुंचकर खेल गतिविधियों में हिस्सा न लेने की धमकी दे रहे हैं। इन लड़कियों और महिलाओं ने 'एपीश् के फोटोग्राफर से अपने पसंदीदा उपकरणों के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। हालांकि, तालिबान के खौफ के चलते उन्होंने बुर्के से अपनी पहचान छिपा रखी थी। इन लड़कियों और महिलाओं ने कहा कि वे आमतौर पर बुर्का नहीं पहनती हैं, लेकिन अब घर से बाहर निकलते समय वे अक्सर इसे पहनती हैं, ताकि अपनी पहचान छिपा सकें और उत्पीड़न से बच पाएं। खेल गतिविधियों पर रोक तालिबान द्वारा महिलाओं और लड़कियों के जीवन को सीमित करने वाले विभिन्न प्रतिबंधों में से एक है। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता में आने के बाद तालिबान ने लड़कियों के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में पढ़ाई करने पर रोक लगा दी है। पिछले महीने उन्होंने महिलाओं के विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने पर भी प्रतिबंध लगा दिया। तालिबान की हुकूमत में अफगान महिलाओं का सार्वजनिक स्थलों पर बाल और चेहरा ढकना अनिवार्य है। उन्होंने महिलाओं के पार्क और जिम जाने पर भी पाबंदी लगा दी है। इसके अलावा, अफगानिस्तान में महिलाओं के लिए नौकरी के अवसर भी सीमित कर दिए गए हैं। हाल ही में तालिबान ने गैर-सरकारी संगठनों को महिला कर्मचारियों की नियुक्ति से प्रतिबंधित कर दिया है, जिससे देश में मानवीय सहायता की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। 20 साल की मार्शल आर्टिस्ट सरीना याद करती है कि कैसे वह अगस्त 2021 में काबुल के एक स्पोर्ट्स हॉल में स्थानीय महिला स्पर्धा में हिस्सा ले रही थी, तभी खबर आई कि तालिबान शहर के बाहरी इलाके तक पहुंच गए हैं और देखते-देखते ही सभी महिला प्रतिभागी और दर्शक हॉल छोड़कर भाग गईं।

# जानें क्यों सबसे अधिक खिताब जीतने वाली पाकिस्तान की टीम इस बार हॉकी विश्व कप 2023 में नहीं ले रही हिस्सा



एजेंसी, इस विश्व कप मुकाबले के साथ ही खिताबी जंग के लिए कुल 16 टीमें में भिडंत शुरू हो जाएगी। इस बार का विश्व कप सबसे अधिक खिताब जीतने वाली पाकिस्तान की टीम के बिना हो रहा है। भारत के ओडिशा की मेजबानी में लगातार दूसरी बार पुरुष हॉकी विश्व कप का धमाकेदार आगाज होने जा रहा है। हॉकी का नाम लेते ही आज भी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया जाता है। भारतीय टीम के पास आठ ओलंपिक मेडल है जबकि पाकिस्तान की टीम सर्वाधिक विश्व कप खिताब जीत चुकी है। हॉकी विश्व कप की सबसे मजबूत टीमों में शुमार पाकिस्तान की हॉकी टीम इस बार विश्व कप 2023 का हिस्सा नहीं है। हॉकी विश्व कप 2023 में पाकिस्तान की टीम हिस्सा नहीं ले रही है। पाकिस्तान की हॉकी टीम इस बार विश्व कप 2023 में क्वालीफाई करने में सफल नहीं हो सकी। पाकिस्तान में बिगड़ती खेल व्यवस्था का ये ताजा उदाहरण है। पाकिस्तान की टीम ने वर्ष 2022 में एशिया कप में हिस्सा लिया था। इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की टीम पांचवे स्थान पर आई थी। वहीं दक्षिण कोरिया, मलेशिया ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया था। मेजबान भारत ने तीसरा और जापान ने चौथा स्थान हासिल किया था। एशिया कप की टॉप तीन टीमों को ही विश्व कप में हिस्सा लेने का मौका मिलता, जो पाकिस्तान हासिल नहीं कर सकी। जानकारी के मुताबिक भारत और पाकिस्तान ने हॉकी में दमदार प्रदर्शन नहीं किया है। आंकड़ों के मुताबिक भारत ने वर्ष 2008 में बीजिंग ओलंपिक में क्वालिफाई नहीं किया था। इस दौरान वर्ष 2010 में ट्रेनिंग कैंप के दौरान भारतीय टीम ने आर्थिक मुद्दों को उठाते हुए दैनिक भत्ते और सुविधाओं के आभाव के मुद्दे को उठाया था। इसके बाद से वर्ष 2021 में भारतीय टीम ने टोक्यो ओलंपिक में ब्रोन्ज मेडल जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। 11 वर्षों के इस लंबे अंतराल को भारतीय टीम ने काफी अच्छे से पहचाना और इस पर काम करते हुए टीम को मजबूत किया है। वहीं पाकिस्तान की टीम ने अपने सुनहरे काल को खराब किया और कोई सबक नहीं लिया। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने 1971 में पहला विश्व कप जीता था। इसके बाद 1978, 1982, और 1994 में विश्व कप जीता था। हॉकी के खेल में पाकिस्तान की टीम के दमदार खेल को देखने के बाद भी पाकिस्तानी फेडरेशन ने देश में हॉकी को बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। इससे पहले वर्ष 2014 में हुए विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम क्वालीफाई करने में सक्षम नहीं हुई थी। पाकिस्तान की टीम का ग्राफ बीते कई सालों से लगातार गिरता जा रहा है। पाकिस्तान की टीम सिर्फ विश्व कप ही नहीं बल्कि 2016 के रियो ओलंपिक, 2021 के टोक्यो ओलंपिक खेलों में भी क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। पाकिस्तान में हॉकी फेडरेशन पर कई बार भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए गए है। पाकिस्तान की टीम के पास स्पॉन्सर ना होने की जानकारी भी सामने आई है।

#### ऐसे बाहर हुई पाकिस्तान की टीम

पाकिस्तान की टीम विश्व कप 2023 से एशिया कप के मुकाबले में हार के बाद बाहर हुई है। एशिया कप के अहम मुकाबले में खेलते हुए पाकिस्तान की टीम 2-3 से पीछे थी। इस मुकाबले में हार के बाद पाकिस्तान की टीम विश्व कप से बाहर हो गई थी।

# दुल्ला भट्टी की कहानी सुनाकर मनाई जाती है लोहड़ी, 14 जनवरी को होगा त्योहार



साल के पहले महीने में लोहड़ी का त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। खासकर पंजाबी समुदाय के लोग इस दिन को बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं। लेकिन आजकल कुछ दूसरे समुदाय के लोग भी लोहड़ी का त्योहार मनाने लग गए हैं। यह त्योहार मुख्य तौर पर प्रकृति और कृषि को समर्पित होता है। लोहड़ी का त्योहार दुल्ला भट्टी की कहानी के बिना अधूरा है। लेकिन यह त्योहार इस बार कब मनाया जाएगा आज आपको इसके बारे में बताएंगे...




**शुभ मुहूर्त**

हिंदू पंचागों की मानें तो इस बार सूर्य 14 जनवरी की रात 8.21 मिनट पर मकर राशि में जाएगा, ऐसे में मकर संक्राति का त्योहार 15 जनवरी को मनाया जाएगा वहीं लोहड़ी का त्योहार 14 जनवरी को मनाया जाएगा। लोहड़ी का शुभ मुहूर्त रात 08.57 तक रहेगा।

**लोहड़ी का महत्व**

लोहड़ी का त्योहार साल की सबसे लंबी रात वाले दिन मनाया जाता है। इसके बाद से दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं। किसानों में भी इस त्योहार को बहुत ही महत्व होता है क्योंकि इसके बाद मौसम अनुकूल रहता है और फसलें भी अच्छी रहने लगती हैं। इन दिन लोग नए कपड़े पहनकर, ढोल की धुन पर लोक नृत्य भांगड़ा करते हैं। महिलाएं लोहड़ी के गीत गाती हैं। लोहड़ी के त्योहार के दौरान आग जलाई जाती है इस आग में खील, रेवड़ियां, बताशे और मूंगफली डाली जाती है। बाद में इसे प्रसाद के रुप में भी खाया जाता है। इसके अलावा लोग आग के चारों और घूमते और नाचते हुए त्योहार का आनंद लेते हैं।

**इस कहानी के बिना अधूरा है त्योहार**

लोहड़ी का त्योहार दुल्ला भट्टी की कहानी के बिना अधूरा है। इस दिन मुख्य तौर पर दुल्ला भट्टी कहानी सुनाई जाती है। इस कहानी के पीछे एक पुरानी कथा है ऐसा माना जाता है कि मुगल साम्राज्य में जब अकबर का शासन था तो उस दौरान दुल्ला भट्टी नाम का एक युवक था। एक बार कुछ अमीर व्यापारी सामान के बदले में इलाके की युवतियों का सौदा कर रहे थे इस घटना को दुल्ला भट्टी ने देख लिया। दुल्ला भट्टी ने पहुंचकर लड़कियों को व्यापारियों के कब्जे से आजाद करवाया। सिर्फआजाद नहीं दुल्ला भट्टी ने सभी लड़कियों की शादी भी करवाई। इस घटना के बाद दुल्ला भट्टी को नायक की उपाधि से नवाजा गया। इसी याद में लोहड़ी के दिन दुल्ला भट्टी की कहानी सुनाई जाती है।

# जरुरत से ज्यादा मेथी दाना खाना पड़ सकता है भारी, फायदे की जगह होगा नुकसान

मेथी दाना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से राहत दिलवाते हैं। परंतु यदि इसका सेवन ज्यादा मात्रा में किया जाए तो कई स्वास्थ्य समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। इसमें कार्बोहाइड्रेट्स, फैट्स, डाइटरी फाइबर, सोडियम, पौटेशियम, मैग्नीज, आयरन जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। पेट से जुड़ी समस्याएं और जोड़ों के दर्द को दूर करने, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं से बचने के लिए मेथी दाना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है परंतु ज्यादा मात्रा में इसका सेवन कई समस्याएं खड़ी कर सकता है। तो चलिए आपको बताते हैं ज्यादा मेथी दाना खाने के नुकसान...

**कम लगेगी भूख**

मेथी दाने में फाइबर मौजूद होता है ज्यादा मात्रा में इसे खाने से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहेगा। खासकर अंडरवेट लोगों को इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। इसे खाने से आपको भूख कम लगेगी और वजन भी कम होगा।

**एकदम से कम हो सकती है ब्लड शुगर**

मेथी दाना खाने ज्यादा खाने से शुगर का स्तर कम हो सकता है जिसके कारण आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा शरीर में भी कई असमानताएं भी देखी जा सकती हैं।

**पाचन संबंधी समस्याएं**

ज्यादा मात्रा में मेथी दाना खाने से आपको पाचन संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। डायरिया, पेट में गड़बड़ी, पेट फूलना जैसी समस्याएं आपको घेर सकती हैं।



**प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए नुकसानदायक**

गर्भावस्था में मेथी दाना ज्यादा खाने से गर्भवती महिलाओं को भी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। कई बार इसके कारण बर्थ डिफेक्ट जैसी समस्याएं भी बढ़ सकती हैं।

**एलर्जी**

ज्यादा मेथी दाना खाने से एलर्जी भी बढ़ सकती है। स्किन रैशेज, त्वचा में जलन जैसी परेशानियां ज्यादा मेथी दाना खाने के कारण बढ़ सकती हैं। सूजन या दर्द जैसी समस्याएं भी ज्यादा मेथी दाना खाने से भी हो सकती है।

# बर्तनों की सफाई से लेकर मक्खियां भगाने तक के काम आती हैं चाय की पत्ती, जानिए कैसे

बर्तनों की सफाई से लेकर मक्खियां भगाने तक के काम आती हैं चाय की पत्ती, जानिए कैसे

चाय बनाने के बाद अक्सर हम चाय की पत्तियां फेंक देते हैं। हमें यह नहीं पता होता कि चाय बनाने के बाद बची हुई चायपत्ती का क्या किया जाए, इसलिए अक्सर लोग चाय की पत्तियों को कूड़े में डाल देते हैं। क्या आप जानते हैं दोबारा इन चाय की पत्तियों का इस्तेमाल किया जा सकता है। ये घर के कई सारे कामों में आसानी से इस्तेमाल में लाई जा सकती है....

**होती है बर्तन की सफाई**

चाय बनाने के बाद भगोने में रखी चाय पत्ती को किसी डब्बे में स्टोर कर लीजिए। चाय पत्ती को गर्म पानी में उबल लीजिए और छानकर स्टोर कर लीजिए। कांच के गिलास, कोटरी समेत कोई भी आइटम अगर आप बची हुई चायपत्ती से साफकरेंगे तो यह चमक जाएंगे। कांच के बर्तनों को चमकाने के लिए डिशवॉशर के साथ थोड़ी चाय पत्ती मिलाइए और रगड़कर साफकर लीजिए। यही नहीं गैस के बर्नर पर जमी गंदगी और कालेपन को चाय पत्ती से आसानी से हटाया जा सकता है।

**पुराने डिब्बों से गायब होती है गंध**

रसोई में रखे डिब्बे की गंध और गंदगी हटाने के लिए भी आप चाय पत्ती का इस्तेमाल कर सकते है।

**चाय की पत्ती से बनाएं खाद**

गमले में पौधों को समय-समय पर खाद की जरुरत होती है। ऐसे में आप बची हुई चायपत्ती को साफकर लें और गमले में डाले दें। इससे आपके पौधे स्वस्थ रहेगें।



**लकड़ी के सामान होंगे चकाचक साफ**

चाय पत्ती का एक और फायदा यह है कि आप इससे लकड़ी से बनी हुई चीजों को चमकदार बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। बची हुई चायपत्तियों को दोबारा से पानी में उबाल लें और इसे किसी शीशी या फिर स्प्रे की बोतल में डाल लें। अब इससे लकड़ी से बने सामानों की सफाई करें। इससे शानदार चमक आती है।

**चाय पत्ती से भगाएं मक्खियां**

जिस जगह पर ज्यादा मक्खियां बैठ रही हों, वहां चाय की पत्ती को एक गीले कपड़े में बांधकर रगड़ दें।

# सांची के बौद्ध स्तूपों में इतिहास के साथ ही देखने को मिलता है कला का जादू

आपको सबसे पहले घुमाने लिए चलते हैं, बड़ा स्तूप क्रमांक एक पर। इस स्तूप को विशाल पत्थरों से बना भारत का प्राचीनतम स्तूप भी कहा जा सकता है। इस स्तूप के चारों ओर जो तोरण द्वार बने हुए हैं, वह बहुत ही अद्भुत हैं। मध्य प्रदेश वाकई अजब है क्योंकि यहां के पर्यटन स्थल गजब हैं। रायसेन जिले के सांची नगर में स्थित सांची के स्तूप वास्तुकला के अनुपम उदाहरण हैं जिन्हें देश-विदेश से देखने के लिए लोग आते रहते हैं। सांची सम्राट अशोक के युग के बौद्ध स्तूपों के लिए प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि जिस समय बौद्ध धर्म अपने चरम पर था, उस समय सांची का वैभव भी अपने चरम पर था। यहाँ छोटे-बड़े अनेकों स्तूप हैं, जिनमें स्तूप संख्या 2 सबसे बड़ा है। सांची में चारों ओर की हरियाली अद्भुत है। इस स्तूप को घेरे हुए कई तोरण भी बनाये गये हैं। कहा जाता है कि सांची का महान मुख्य स्तूप, मूलतः सम्राट अशोक महान ने बनवाया था। बाद में इस स्तूप को सम्राट अग्निमित्र शुंग ने जीर्णोद्धार करके और बड़ा और विशाल बना दिया। यहां के स्तूपों की विस्तार से बात करें तो आपको सबसे पहले घुमाने लिए चलते हैं, बड़ा स्तूप क्रमांक एक पर। इस स्तूप को विशाल पत्थरों से बना भारत का प्राचीनतम स्तूप भी कहा जा सकता है। इस स्तूप के चारों ओर जो तोरण द्वार बने हुए हैं, वह बहुत ही अद्भुत हैं। पत्थरों पर बौद्ध कथाओं का अंकन दूसरे बौद्ध स्मारकों के मुकाबले में सांची में सबसे बढ़िया माना जाता है। इस स्तूप के पूर्वी तथा पश्चिमी द्वारों पर युवा गौतम बुद्ध की आध्यात्मिक यात्रा की अनेकों कहानियां अंकित हैं। अब स्तूप क्रमांक दो व तीन देखने चलिये। ये स्तूप भी बलुआ पत्थर के बने हुए हैं लेकिन इनके ऊपर की छतरी चिकने पत्थर की बनी हुई है। अब आप अशोक स्तंभ देखने जा सकते हैं। इस बौद्ध स्तंभ का निर्माण ईसा पूर्व तीसरी सदी में हुआ था। यह बड़े स्तूप के दक्षिणी द्वार के निकट स्थित है। पर्याप्त देखरेख के अभाव में आज यह स्तंभ जीर्णशीर्ण अवस्था में है। अन्य दर्शनीय स्थलों की बात करें तो आप सतधारा भी देखने जा सकते हैं। सांची के विश्व प्रसिद्ध स्तूपों के अलावा सांची से 10 किलोमीटर दूर पर इन्हीं के समकालीन बौद्ध स्तूप हाल-फिलहाल ही खोजे गये हैं। सतधारा के पास के ये स्तूप सांची की पहाड़ी पर मौजूद स्तूपों से कहीं अधिक आकर्षक लगते हैं। हैलियोडोरस स्तंभ भी देखने योग्य है।



# कराएं रॉयल अंदाज में, जानिये गुलाबी नगरी की बेस्ट लोकेशन्स के बारे में





शादी से पहले सीजन आता है प्री-वेडिंग फोटो शूट का, जिसमें कपल्स एक दूसरे के साथ हसीन लम्हो को कैमरे में कैद करते हैं। खासकर कपल्स प्री-वेडिंग शूट के डेस्टिनेशन को लेकर कन्फ्यूज्ड रहते हैं, आज हम इस लेख के द्वारा कुछ बेहतरीन प्री-वेडिंग फोटो शूट लोकेशन्स के बारे में बता रहें हैं

फोटोशूट के लिए लोकेशन बहुत मायने रखती है अगर लोकेशन बेहतरीन होगी तो पिक्चर भी खूबसूरत आएगी। जयपुर के शाही लोकेशन प्री-वेडिंग फोटो शूट के लिए बेस्ट ऑप्शन है। पिंक सिटी घूमने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते है, यह तो सबको पता है लेकिन कपल्स अपने खूबसूरत पलों को यादगार बनाने के लिए भी गुलाबी नगरी का रुख करते हैं। चलिए जयपुर के कुछ खूबसूरत लोकेशन्स की सैर करते हैं जहाँ आप अपनी जिंदगी के खूबसूरत पलों को कैमरे में कैद कर सकते हैं-

**नीमराना फोर्ट**

नीमराना फोर्ट का भव्य नजारा आपके फोटोशूट को एक शाही अंदाज दे सकता है यहाँ के एंटीक फर्नीचर, तस्वीरें और मूर्तियां, पूल और हैंगिग गार्डन आपकी तस्वीरों की खूबसूरती में चार चाँद लगा देते हैं। समय के साथ किले में फोटोशूट के पैकेज में बदलाव होते रहते है। आप नीमराना फोर्ट की वेबसाइट पर जाकर जानकारी ले सकते हैं। साधारणतया पैकेज 40 हजार से शुरू होता है।

**रामबाग पैलेस**

रॉयल लुक फोटोज के लिए रामबाग की बलुआ पत्थर की दीवारें और फर्श, मुगलकालीन तस्वीरें इस पैलेस में हुई फोटोग्राफी को अलग ही खूबसूरत अंदाज देते है। दीवारों पर लगे खूबसूरत राजस्थानी शैली की तस्वीरें आपकी प्री वेडिंग फोटो शूट को यादगार बना देंगे। यहां कोई शुल्क नहीं है, यह पैलेस भवानी सिंह रोड पर स्थित है।

**अम्बर फोर्ट**

यहां की खूबसूरती देखकर आप वाह कर उठेंगे, प्री फोटो शूट के लिए अम्बर फोर्ट जाना ना भूलें। यहां के शाही माहौल में क्लिक की गयी फोटोज आपके फोटो एल्बम को शाही अंदाज दे सकती हैं। शाही आउटफिट्स में फोटोग्राफी आपकी और आपके पार्टनर की खूबसूरती में चार चाँद लगा देंगे। यह सुबह 8 बजे से शाम 5रू30 तक खुला रहता है। यहां फोटोग्राफी काफी सस्ती है स्टील फोटो 50 रुपये और वीडियों 100 रुपये है। कीमतों में बदलाव होता रहता है तो इसकी जानकारी पहले प्राप्त कर लें। यह किला देवीसिंहपुरा, आमेर में है। चोमू पैलेस की गयी फोटोशूट से आपको राजा महाराजा वाली फीलिंग्स आएगी।

# टेस्टी और हेल्दी अंजीर हलवा, जानें बनाने का आसान तरीका

गाजर का हलवा और मूंग दाल का हलवा तो सबको पसंद है, आज हम आपको अंजीर के हलवे के बारें में बता रहे हैं। अंजीर जो सेहत के साथ स्वाद में भी लाजवाब है, यह हीमोग्लोबिन की कमी को दूर करने में भी सहायक है। किसी भी त्यौहार या अवसर पर फेमिली और मेहमानों के साथ इसका आनंद ले सकते हैं। सर्दियों में गर्मागर्म हलवा खाना सबको पसंद है चाहे गाजर का हलवा हो या मूंग दाल का। मीठा खाने के शौकीन लोगों के लिए अंजीर का हलवा एक बेहतरीन ऑप्शन है। इसकी खुशबू आपकी भूख को बढ़ा देगी, साथ ही इसमें खूब सारे ड्राई फ्रूट्स का प्रयोग किया जाता है तो यह सेहत के लिए भी फायदेमंद है, तो चलिए जल्दी से जानते है इसको बनाने का तरीका-



**सामग्री**

250 ग्राम- अंजीर रात भर भीगे हुए
हरी इलायची- 3-4
चीनी- पांच बड़े चम्मच
घी- पांच बड़े चम्मच
एक छोटा टुकड़ा दालचीनी
खोया- 300 ग्राम
मिक्स ड्राई फ्रूट्स- आवश्यकता के अनुसार
पानी- 2 कप




**विधि**

रात भर भीगे हुए अंजीर को पानी से निकाल कर दरदरा पीस लें,बचे हुए पानी को फेंके नहीं। एक कढ़ाई में घी गर्म करें,इसमें दालचीनी का टुकड़ा और हरी इलायची डाल कर थोड़ी देर चलाएं। अब इसमें पिसा हुआ अंजीर मिलाएं और धीमी आंच पर पकाएं। पांच मिनट तक पकाने के बाद इसमें एक कप पानी मिक्स करें और चलाएं, लगभग तीन से चार मिनट चलाने के बाद इसमें चीनी मिक्स करें कुछ देर चलाएं, अब हलवे में खोया मिक्स करें और अच्छी तरह चलाएं, जब खोया और अंजीर मिक्स हो जाये तो मिक्स ड्राई फ्रूट्स को ऊपर से डालें। टेस्टी और हेल्दी अंजीर का हलवा तैयार है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634